दैनिक
# सिटी दर्पण
आईना सच का







सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।


**आज का विचार**

चाय और चरित्र
जब भी गिरते हैं वह
ऐसा दाग लगाते हैं
कि जो जीवन भर
नहीं छूटते हैं।


चंडीगढ़। बुधवार, 10 जुलाई, 2024 | वर्ष 22, अंक 168, मूल्यः 3 रुपए | RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 | www.citydarpan.com


# राहुल गांधी ने शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के परिजनों से मुलाकात की

**एजेंसी**
लखनऊ

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने कीर्ति चक्र विजेता शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। गांधी ने शहीद के परिवार को लखनऊ से मिलने के लिए बुलाया था। शहीद कैप्टन की मां मंजू सिंह ने राहुल गांधी से मुलाकात के बाद कहा, "हम दुखी हैं कि हमारा बेटा हम सबको बीच मझधार में छोड़कर चला गया है, परिवार को उनकी जरूरत थी।"

उन्होंने कहा "मैं यह दर्द पूरी जिंदगी लेकर जीना चाहती हूं और मैं चाहती हूं कि मुझे और दर्द हो ताकि मैं अपने बेटे को याद कर सकूं।" एक पदाधिकारी ने बताया कि नेता विपक्ष राहुल गांधी रायबरेली, उत्तर प्रदेश में शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के परिजनों से मुलाकात की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को दिल्ली में रक्षा अलंकरण समारोह में दिवंगत अधिकारी की पत्नी स्मृति और मां मंजू सिंह को कैप्टन अंशुमान सिंह की शहादत पर कीर्ति चक्र प्रदान.किया। यह शांतिकाल में वीरता के लिए दिया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार है।

कैप्टन सिंह पिछले वर्ष जुलाई में भीषण आग से लोगों को बचाते समय शहीद हो गये थे। शहीद अंशुमान की मां ने कहा, "राहुल गांधी से मुलाकात में अग्निवीर को लेकर बात हुई। दो तरह की फौज नहीं होनी चाहिए। सरकार से उम्मीद है कि वह राहुल गांधी की बात सुनें और उस पर विचार करे।" मंजू ने कहा, गांधी ने कहा कि उन्होंने सरकार से



अग्निवीर योजना को समाप्त करने का अनुरोध किया है, जो सेना के लिए उचित नहीं है। देश हमारे साथ है। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी से और शहीदों के परिवारों के बारे में बात हुई है, उन परिवारों के लिये राहुल गांधी कुछ करेंगे।"

सेना भर्ती में अग्निवीर योजना बंद करने पर जोर देते हुए मंजू सिंह ने बताया कि "हम फौजी परिवार से हैं, पक्ष हो या विपक्ष हम सबसे लड़ेंगे और हम सरकार से हाथ जोड़कर निवेदन करते हैं कि अग्निवीर योजना को बंद कर दिया जाए, क्योंकि सेना में सिर्फ चार साल के लिए भर्ती ठीक नहीं है।"

एक दिवसीय दौरे में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल ने कार्यकताओं, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। इसके बाद गांधी शहीद स्मारक गये, जहां उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और पौधारोपण भी किया। इस दौरान कांग्रेस सांसद रायबरेली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भी गये, जहां उन्होंने मरीजों की कुशलक्षेम पूछी।

गांधी मंगलवार को मणिपुर की राजधानी इम्फाल से विमान के जरिये यहां पहुंचे और लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर उतरे। यहां से वह सड़क मार्ग से रायबरेली के लिए रवाना हुए। रायबरेली राज्य की राजधानी से करीब 80 किलोमीटर दूर है। गांधी ने रायबरेली के बछरावां के करीब चुरुवा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की।

कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा "जननायक राहुल गांधी ने रायबरेली स्थित चुरवा हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन कर भगवान श्री हनुमान जी से देश की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।"

हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में गांधी ने रायबरेली सीट से 3.90 लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा तथा कार्यकताओं के साथ बैठक की थी।

# बम, बंदूकों और गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती: मोदी ने पुतिन से कहा

**एजेंसी**
मॉस्को

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि बम, बंदूकों और गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती और किसी संघर्ष का कोई समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं है। दोनों नेताओं ने यूक्रेन संघर्ष की पृष्ठभूमि में बातचीत की। टेलीविजन पर प्रसारित अपने प्रारंभिक वक्तव्य में मोदी ने पुतिन और वैश्विक समुदाय को आश्वासन दिया कि भारत शांति के पक्ष में है और यूक्रेन में संघर्ष समाप्त करने में योगदान करने को तैयार है।

उन्होंने कहा, नई पीढ़ी के लिए उज्ज्वल भविष्य के नाते शांति अत्यंत आवश्यक है....बम, बंदूकों और गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती। प्रधानमंत्री ने सोमवार को पुतिन के साथ हुई अनौपचारिक बातचीत का भी जिक्र किया और कहा कि रूस के राष्ट्रपति को सुनने से उम्मीद बनी। मोदी ने कहा, अगर लोगों की जान जाती है तो मानवता में विश्वास करने वाला हर व्यक्ति दुखी होता है। उस पर भी यदि बेगुनाह बच्चों की हत्या हो, निर्दोष बच्चे मरें तो यह हृदय-विदारक और बहुत पीड़ादायी होता है। उन्होंने कहा, कल हमारी बैठक में हमने यूक्रेन के मुद्दे पर एक दूसरे के विचारों को सुना और मैंने आपके समक्ष शांति तथा स्थिरता पर ह्यग्लोबल साउथह्न की आकांक्षाओं को भी रखा। प्रधानमंत्री ने ऊर्जा क्षेत्र में रूस द्वारा भारत की मदद का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब दुनिया खाद्य पदार्थों, ईंधन और उर्वरक की कमी का सामना कर रही थी, तब हमने अपने किसानों के समक्ष कोई समस्या नहीं आने दी और रूस के साथ हमारी दोस्ती ने इसमें भूमिका निभाई। मोदी ने कहा, हम चाहते हैं कि रूस के साथ हमारा सहयोग और बढ़े ताकि हमारे किसानों का कल्याण हो। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध लोगों को अत्यंत लाभ पहुंचाएंगे। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद की चुनौतियों को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, भारत करीब 40 साल से आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है। मैं आतंकवाद के सभी स्वरूपों की निंदा करता हूं। मोदी ने कहा कि दुनिया को पिछले पांच साल में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है जिनमें पहली कोविड-19 की वजह से थी और फिर अनेक संघर्षों के कारण सामने आईं।



## रूस के कजान और येकातेरिनबर्ग शहरों में वाणिज्य दूतावास खोलेगा भारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत ने रूस के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए उसके कजान और येकातेरिनबर्ग शहरों में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने का फैसला किया है। इस समय रूस में भारत के दो वाणिज्य दूतावास सेंट पीटर्सबर्ग और व्लादिवोस्तोक में हैं। प्रधानमंत्री ने रूस की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान यहां भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करते हुए कजान और येकातेरिनबर्ग में नए वाणिज्य दूतावास खोलने की घोषणा की। मोदी ने कहा, मैं आप सभी के साथ कुछ अच्छी खबर साझा करना चाहता हूं। हमने कजान और येकातेरिनबर्ग में नए वाणिज्य दूतावास खोलने का फैसला किया है। इससे यात्रा और व्यापार में वृद्धि होगी। येकातेरिनबर्ग रूस का चौथा सबसे बड़ा शहर है जो महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र बनकर उभरा है। इसी शहर में 2018 में फीफा विश्वकप के चार मैच हुए थे। वोल्गा और कजांका नदियों के संगम पर स्थित कजान शहर रूस का सांस्कृतिक और शैक्षिक केंद्र तथा देश का उभरता आर्थिक केंद्र है। रूस में अक्टूबर महीने में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन कजान में ही किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को रूस की दो दिवसीय यात्रा शुरू की।

## भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है ऊर्जाः मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ रोसेटम पवेलियन का दौरा किया और कहा कि ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है तथा नई दिल्ली इस क्षेत्र में मॉस्को के साथ संबंध और मजबूत करने को लेकर आशान्वित है। मोदी ने वीडीएनकेएच के रोसेटम मंडप में असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग को समर्पित एक फोटो प्रदर्शनी देखी, जिसका उद्घाटन नवंबर 2023 में किया गया था। यह वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के इतिहास में सबसे बड़ी प्रदर्शनियों में से एक है। मोदी ने यात्रा की अपनी तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर लिखा, राष्ट्रपति पुतिन के साथ एटम पवेलियन का दौरा किया। ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है और हम इस क्षेत्र में संबंध और मजबूत करने के लिए आशान्वित हैं। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी को 'एटमिक सिम्फनी' भी दिखाई गई - जो वीवीईआर-1000 रिएक्टर का एक स्थायी कार्यशील मॉडल है। यह भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (केकेएनपीपी) का ह्यहृदयह्न है। मोदी राष्ट्रपति पुतिन के साथ 22वीं भारत-रूस वार्षिक शिखरवार्ता में भाग लेने यहां आए हैं।

# भाजपा ने विधायक मोहनलाल बड़ौली को हरियाणा इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया

**एजेंसी**
नयी दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को सोनीपत जिले के राई से विधायक मोहन लाल बड़ौली को पार्टी की हरियाणा इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे बड़ौली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यह दायित्व लेंगे जिनके पास प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी थी।

पिछले साल मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। उस समय वह प्रदेश अध्यक्ष थे। वह मुख्यमंत्री के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे।

भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

बड़ौली ने 2019 में राई विधानसभा से चुनाव लड़ा था और 2,663 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। वह इस विधानसभा सीट पर चुनाव जीतने वाले भाजपा के पहले नेता हैं। पिछले दिनों संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें सोनीपत से तत्कालीन सांसद रमेश चंद्र कौशिक का टिकट काट कर उम्मीदवार बनाया था। हालांकि उन्हें करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।

बड़ौली जाति से ब्राह्मण हैं और उनकी नियुक्ति गैर जाट समुदाय के बीच अपने आधार को मजबूत करने के



भाजपा के प्रयासों को रेखांकित करती है। राज्य में जाट समुदाय के अधिकांश मतदाताओं पर कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का खास प्रभाव माना जाता है।

जाट इस उत्तरी राज्य में सबसे बड़ी जाति है। हालांकि जाति के आधार पर उनकी जनगणना संबंधी कोई आधिकारिक आंकड़े नहीं हैं, लेकिन ऐसा अनुमान है कि वे राज्य की आबादी के करीब 27 प्रतिशत हैं।

राज्य में ब्राह्मण भी अच्छी खासी संख्या में हैं और हुड्डा उन्हें भी लुभाते रहे हैं।

मुख्यमंत्री सैनी अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं जबकि उनके पूर्ववर्ती और वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर पंजाबी समुदाय से हैं और अब नए अध्यक्ष के रूप में एक ब्राह्मण नेता को जिम्मेदारी दी गई है। राज्य में कांग्रेस का सामना करने के लिए भाजपा एक मजबूत सामाजिक समीकरण के साथ चुनाव में उतरने की कोशिशों में है।

राज्य में अक्टूबर में महाराष्ट्र के साथ विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा 2014 से हरियाणा में सत्ता में है। कांग्रेस ने हाल के लोकसभा चुनावों में राज्य की 10 में से पांच सीटों पर जीत हासिल की थी।


महाराष्ट्र में भाजपा तीन-दलीय गठबंधन के हिस्से के रूप में सत्ता में है जहां उसका मुकाबला शिव सेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस के गठबंधन से है। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया था।

भाजपा सूत्रों ने कहा कि पार्टी आगामी दिनों में कुछ और राज्यों में अध्यक्ष सहित कुछ महत्वपूर्ण नियुक्तियां कर सकती है।

# जस्टिस शील नागू ने ली पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की शपथ

**सिटी दर्पण**
चंडीगढ़

पंजाब के राज्यपाल श्री बनवारीलाल पुरोहित ने आज यहां पंजाब राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जस्टिस श्री शील नागू को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में शपथ दिलाई। जस्टिस श्री शील नागू ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस के रूप में भी सेवा निभा चुके हैं। इस शपथ ग्रहण समारोह का संचालन पंजाब के मुख्य सचिव श्री अनुराग वर्मा ने किया। इस दौरान पंजाब के मुख्य मंत्री स. भगवंत सिंह मान, हरियाणा के राज्यपाल श्री



बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के मुख्य मंत्री श्री नायब सिंह सैनी, जस्टिस श्री शील नागू के परिवार के सदस्य, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त और वर्तमान न्यायाधीश, पंजाब के वित्त मंत्री श्री हरपाल सिंह चीमा, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्री श्री अमन अरोड़ा, राजस्व मंत्री श्री ब्रह्म शंकर जिम्पा, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह, कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डीयां, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री ज्ञान चंद गुप्ता, पंजाब के एडवोकेट जनरल श्री गुरमिंदर सिंह, पंजाब के डी.जी.पी. श्री गौरव यादव और पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के अन्य वरिष्ठ सिविल और पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस श्री शील नागू की नियुक्ति को कानून और न्याय मंत्रालय की ओर से 4 जुलाई, 2024 को औपचारिक रूप से अधिसूचित किया गया था। जस्टिस श्री शील नागू का जन्म 1 जनवरी, 1965 को हुआ था। वे 5 अक्टूबर 1987 को एक वकील के रूप में पंजीकृत हुए और जबलपुर में मध्य प्रदेश के हाई कोर्ट में सिविल और संवैधानिक मामलों की प्रेक्टिस की। वे 27 मई 2011 को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त हुए और 23 मई 2013 को स्थायी न्यायाधीश बने।

# मान ने किसानों के साथ एक और वादा पूरा किया

**सिटी दर्पण**
चंडीगढ़

किसान संघर्ष दौरान खनौरी बार्डर पर शहादत प्राप्त करने वाले युवा किसान के परिवार के साथ किए वायदे को पूरा करते पंजाब के मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान ने शुभकरन सिंह के परिवार के सदस्यों को वित्तीय सहायत के तौर पर एक करोड़ रुपए का चैक और सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा।

यहाँ परिवार को चैक और नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद बातचीत दौरान मुख्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अन्नदाता की भलाई के लिए पूर्ण तौर पर वचनबद्ध है और इसको यकीनी बनाने के लिए कोई



कमी बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि युवा किसान शुभकरन सिंह ने सरहद में गोलीबारी दौरान शहादत प्राप्त की। भगवंत सिंह मान ने कहा कि दिल दहलाने वाली इस घटना ने सभी पंजाबियों के मन को गहरी ठेस पहुंचाई है। मुख्य मंत्री ने कहा कि शुभकरन सिंह की शहादत परिवार के लिए न पूरी की जाने वाली कमी है जिसकी किसी भी कीमत पर भरपाई नहीं की जा सकती। इसके साथ ही मुख्य मंत्री ने कहा कि एक करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता और परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देना संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार का विनम्र प्रयास है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि युवा किसान ने देश के किसानों के लिए बड़ा बलिदान है जिस कारण परिवार की मदद करना सरकार अपना कत्वर्य समझती है। मुख्य मंत्री ने आगे कहा कि पंजाब के किसानों की सख़्त मेहनत से भारत अनाज पक्ष से आत्म-निर्भर बना जिस कारण देशवासी किसानों के ऋणी है। उन्होंने दुख व्यक्त किया कि अपने सीमित प्राकृतिक साधनों के बावजूद राज्य के किसानों ने देश के लिए अनाज पैदा करने के लिए खेतों में पसीना बहाया और यहाँ तक कि इसकी खातिर किसानों ने पानी और जरखेज मिट्टी को भी दाव पर लगा दिया।

# समाज को क्षमताएं प्रदान करने के साथ तकनीकी विकास नयी चुनौतियां भी पैदा कर रहे हैं: द्रोपदी मुर्मू

**एजेंसी**
भुवनेश्वर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि नए तकनीकी विकास समाज को क्षमताएं प्रदान कर रहे हैं, लेकिन साथ ही वे मानवता के लिए नयी चुनौतियां भी पैदा कर रहे हैं। मुर्मू भुवनेश्वर स्थित राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईएसईआर) के 13वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बहुत तेजी से बदलाव हो रहे हैं। विज्ञान के वरदान के साथ-साथ उसके अभिशाप का खतरा भी हमेशा बना रहता है। इसी तरह, नए तकनीकी विकास मानव समाज को क्षमताएं प्रदान कर रहे हैं, लेकिन साथ ही, वे मानवता के लिए नयी चुनौतियां भी पैदा कर रहे हैं। जीन एडिटिंग को आसान




बनाने वाली सीआरआईएसपीआर-सीएएस9 का उदाहरण देते हुए राष्ट्रपति ने कहा, यह तकनीक कई असाध्य बीमारियों के समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम है। हालांकि, इस तकनीक के इस्तेमाल से नैतिक और सामाजिक मुद्दों से जुड़ी समस्याएं भी पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में प्रगति के कारण ह्यडीप फेकह्न की समस्या और कई नियामक चुनौतियां सामने आ रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि एनआईएसईआर विज्ञान की तार्किकता और परंपरा के मूल्यों को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। मुर्मू ने उम्मीद जताई कि अपने पेशे में उपलब्धियों के साथ-साथ छात्र अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का भी पूरी जवाबदेही के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने छात्रों को यह संदेश याद रखने की सलाह देते हुए कहा, महात्मा गांधी ने सात सामाजिक पापों को परिभाषित किया है, जिनमें से एक है निर्दयी विज्ञान। यानी मानवता के प्रति संवेदनशीलता के बिना विज्ञान को बढ़ावा देना पाप करने जैसा है। उन्होंने कहा, मौलिक विज्ञान के क्षेत्र में प्रयोग और अनुसंधान के परिणाम प्राप्त करने में अक्सर बहुत समय लगता है। कई बार कई वर्षों तक निराशा का सामना करने के बाद सफलता प्राप्त हुई है। राष्ट्रपति इस कार्यक्रम के बाद राज्य से रवाना हो गईं। वह ओडिशा की चार दिवसीय यात्रा पर आई थीं। राज्यपाल रघुबर दास और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी उनके साथ हवाई अड्डे तक गए।


# मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा नागरिक समर्थकीय सेवाओं में विस्तार प्रशंसनीय: जिम्पा

## लोगों को उचित एंव बिना परेशानी सेवाएं देने के लिए अधिकारियों/ कर्मचारियों को जारी होगा हिदायतनामा: राजस्व मंत्री

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा नागरिकों को दी जाती आनलाइन सेवाओं में और विस्तार करने की राजस्व मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने प्रशंसा की है। बता दे कि बीते दिनों ई-गवर्नेंस प्रणाली में पटवारियों को शामिल करके उनकी आनलाइन आई.डी. बनाई गई है। इसके साथ अब दस्तावेज वैरीफिकेशन सम्बन्धित ज्यादातर सेवाओं का लाभ लोग घर बैठे ले सकेंगे। यह कदम जाति, रिहायश, बुढ़ापा पैन्शन स्कीम और आमदन सर्टीफिकेट सहित अन्य कई सर्टीफिकेट के लिए सत्यापित प्रक्रिया को उचित बनाएगा।

पटवारियों को आनलाइन सिस्टम में शामिल करने के साथ आवेदकों को अब अपनी वैरीफिकेशन रिपोर्टें पर मोहर और हस्ताक्षर करवाने के लिए पटवारी के दफ़्तर में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक बार आवेदन- पत्र संचित करवाने पर उसको सम्बन्धित दफ़्तर द्वारा सम्बन्धित पटवारी को आनलाइन भेजा जायेगा जो कि उसको वैरीफाई करेगा।



राजस्व मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने कहा कि इस प्रकार की बहुत सी नागरिक सेवाएं है जो कि राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दी जाती है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को यह सभी सेवाएं बिना परेशानी एवं बिना भ्रष्टाचार के मिले। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जल्द ही राजस्व विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा फील्ड स्टाफ को एक हिदायतनामा जारी करने के निर्देश दिए जाएंगे ताकि प्रत्येक को यह स्पष्ट हो जाए कि मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार नागरिकों को निर्विघ्न और आसान ढंग से सेवाएं देने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह हिदायतनामा निचले स्तर से ले कर उच्च अधिकारियों तक लागू होगा।

उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों को लोक समर्थकीय कार्य बिना स्वार्थ के करने के लिए समय -समय पर प्रेरित किया जाता है। इसके बावजूद यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी लोगों को तंग परेशान करता है तो ऐसे अधिकारी/ कर्मचारी विरुद्ध सख़्त कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार भ्रष्ट और कामचोर अधिकारियों/ कर्मचारियों के सख़्त खिलाफ है और इसी कारण राज्य में सत्ता संभालने के बाद मुख्य मंत्री ने भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों की शिकायत के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया था। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग के कामों सम्बन्धित शिकायत दर्ज करवाने के लिए भी नंबर 8184900002 जारी किया गया है। एनआरआईज राजस्व विभाग सम्बन्धित अपनी शिकायतें 9464100168 नंबर पर दर्ज करवा सकते हैं। यह नंबर केवल लिखित शिकायतों के लिए है।

उन्होंने कहा कि लोगों के जायज काम न करने वाले और जान-बूझ कर परेशान करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों खिलाफ सख़्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और लोगों से अपील की कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी जायज काम करने के लिए परेशान करता है, रिश्वत मांगता है या राजस्व विभाग के कामों सम्बन्धित लोगों को कोई शिकायत है तो वह हैल्प लाईन नंबरों पर बेझिझक शिकायत दर्ज करवाए। भ्रष्ट अधिकारियों एवं मुलाजिमों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा।

# वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा सेवा क्षेत्र में जी.एस.टी पालन को बढ़ाने पर जोर

सिटी दर्पण
चंडीगढ़




पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आबकारी और कराधान विभाग की समीक्षा मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को सेवा क्षेत्र में जी.एस.टी की पालना को बेहतर बनाने के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री स.चीमा ने टैक्स चोरी को कम करने और अधिक से अधिक राजस्व एकत्र करने के लिए मजबूत निगरानी और लागूकरण की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने टैक्स पालन की वृद्धि को यकीनी बनाने के लिए अधिकारियों को नियमित आडिट, जांच और आऊटरीच प्रोग्राम आदि करने के लिए कहा। मीटिंग दौरान कर प्रशासन को मजबूत करने, राजस्व गतिशीलता को बढ़ाने और सेवा क्षेत्र के हिस्सेदारों के बीच टैक्स पालन की संस्कृति को उत्साहित करने पर बल दिया गया। वित्त मंत्री स. हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार सेवा क्षेत्र में जी.एस.टी के पालन पर ध्यान केन्द्रित कर टैक्स राजस्व में वृद्धि के साथ राज्य के आर्थिक विकास को बढ़ावा देते इसको आर्थिक पक्ष से मजबूत करना चाहती है।

आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक दौरान वित्त मंत्री ने अधिकारियों को वित्तीय साल 2016- 17 से पड़े बकाए की वसूली के लिए रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए, जिसमें लंबे समय से बकाया इन अदायगियों को राज्य के राजस्व में तबदील किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह बकाया वसूली के लिए योजनाबद्ध ढंग के साथ काम करें और तुरंत वसूली को यकीनी बनाने के लिए हर संभव कानूनी ढंग अपनाए। इस व्यापक समीक्षा मीटिंग में आबकारी राजस्व बढ़ाने के लिए प्रयास करने के साथ-साथ आबकारी राजस्व की चोरी और शराब तस्करी को रोकने के लिए सख़्त प्रयास करने सहित कई मुख्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में दूसरे के इलावा अतिरिक्त मुख्य सचिव कम वित्त कमिश्नर (कराधान) विकास प्रताप सिंह, आबकारी और कराधान कमिश्नर वरुण रूजम और अतिरिक्त कमिश्नर कराधान गौरी पराशर जोशी उपस्थित थे।

# पंजाब में मत्सय पालन अधीन क्षेत्रफल में 1942 एकड़ का विस्तार: गुरमीत सिंह खुड्डियां

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

राज्य में नीली क्रांति की तरफ अहम कदम उठाते हुए मुख्य मंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023- 24 दौरान मत्सय पालन अधीन 1942 एकड़ क्षेत्रफल बढ़ाने में सफलता हासिल की है।

यह जानकारी सांझी करते हुए पंजाब के पशु पालन, डेयरी विकास और मत्सय पालन मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि एक साल में यह क्षेत्रफल 42,031 एकड़ से 43,973 एकड़ हो गया है। स. गुरमीत सिंह ने राष्ट्रीय मत्सय पालक दिवस मौके राज्य के सभी मछली और झींगा पालकों को शुभकामनाए दी। उन्होंने दूसरे किसानों को भी मत्सय पालन का धंधा अपनाने के लिए प्रेरित किया क्योंकि पंजाब सरकार मछली पालन को खेती के सहायक पेशे के तौर पर उत्साहित करने के लिए हर संभव यत्न कर



रही है जिससे किसानों की आमदन में विस्तार किया जा सके।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 16 सरकारी मछली पूंग फार्मों से मछली पालकों को किफायती दरों पर मानक मछली पूंगा मुहैया करवाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि झींगा पालकों की सुविधा के लिए जिला श्री मुक्तसर साहिब के गाँव ईना खेड़ा में स्थित डैमोनस्ट्रेशन फार्म- कम- प्रशिक्षण सैंटर में सेवाएं प्रदान की जा रही है। स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा खारे पानी के साथ प्रभावित दक्षिण-पश्चिमी जिलों में झींगा की खेती को भी उत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि 1315 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में किसान झींगा की खेती कर रहे है। उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार द्वारा मछली और झींगा के तालाब, मछली ट्रांसपोर्ट वाहनों की खरीद, मछली क्योसक/ दुकानों, कोल्ड स्टोरेज प्लांट, मछली फीड्डु मीलों और सजावटी मछली सम्बन्धित ईकाईयों जैसे अलग- अलग प्रोजैक्टों को अपनाने के लिए 40 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। पंजाब सरकार ने लगभग 25 करोड़ रुपए की सब्सिडी दे कर 450 लाभपात्रियों को स्व- रोजगार मुहैया करवाया है।

# बब्बर खालसा के सदस्य ने पुलिस से भागने की कोशिश की, गोली लगने से घायल

एजेंसी
चंडीगढ़

प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन खालसा इंटरनेशनल का एक संदिग्ध सदस्य जालंधर में हिरासत से भागने की कोशिश के दौरान पुलिस की गोलीबारी में घायल हो गया। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिमरनजीत सिंह उर्फ बबलू तीन अप्रैल को एसबीएस नगर में पूर्व आतंकवादी रत्तनदीप सिंह की हत्या में आरोपी है।

उसे जालधंर की देओल नगर कॉलोनी में रविवार देर रात एक विशेष जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया था। बबलू की गिरफ्तारी के कुछ घंटे बाद एक पुलिस दल उसे जालंधर-नकोदर मार्ग पर वडाला के निकट एक जगह



लेकर जा रहा था जहां उसने रत्तनदीप सिंह की हत्या में इस्तेमाल संदिग्ध पिस्तौल को छिपाने का दावा किया था। डीजीपी ने कहा, वहां पहुंचने पर आरोपी ने एक पुलिस अधिकारी को धक्का देकर भागने की कोशिश जिसके बाद पुलिस दल ने गोली चलाई और आरोपी घायल हो गया।

उन्होंने कहा कि आरोपी को पास के अस्पताल ले जाया गया। बबलू के दोनों पैरों में गोली लगी है। पुलिस ने बबलू के पास से दो अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं।

यादव के अनुसार प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बबलू पाकिस्तानी आतंकवादी हरविंदर रिंदा और अमेरिकी नागरिक गोपी नवनशहरिया के निर्देश पर काम कर रहा था और उन्होंने उसे तथा जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सी कुलाम नामक एक अन्य हमलावर को रत्तनदीप सिंह की हत्या का काम सौंपा था।

जस्सी अपराध को अंजाम देने के बाद विदेश भागने में सफल रहा। पुलिस ने कहा कि बबलू खूंखार अपराधी है और उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास के अनेक मामले दर्ज हैं। वह अमृतसर में कथित रूप से एक सहायक उप-निरीक्षक की हत्या में शामिल था।

## संक्षिप्त-समाचार

### कांग्रेस के राजीव शुक्ला ने पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताई

चंडीगढ़। कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने सोमवार को पंजाब की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता व्यक्त की और मुख्यमंत्री भगवंत मान से बिगड़ते हालात से सख्ती से निपटने का आग्रह किया। विपक्षी दलों ने लुधियाना में शिवसेना (पंजाब) नेता संदीप थापर पर हमले सहित हाल की घटनाओं का हवाला देते हुए कानून-व्यवस्था की कथित गिरावट को लेकर मान के नेतृत्व वाली आप सरकार पर निशाना साधा है। इस बारे में पूछे जाने पर शुक्ला ने चंडीगढ़ में संवाददाताओं से कहा कि स्थिति अच्छी नहीं है और पंजाब सरकार को इसमें सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को स्थिति से सख्ती से निपटना होगा और अपराध की घटनाओं पर नियंत्रण करना होगा। अन्यथा, लोगों का गुस्सा और बढ़ेगा। शुक्ला ने कहा, कानून व्यवस्था का संबंध लोगों से है। मैं मुख्यमंत्री भगवंत मान से अपील करूंगा कि वह कानून व्यवस्था की स्थिति से सख्ती से निपटें। शुक्ला चंडीगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के सिलसिले में चंडीगढ़ में थे। कांग्रेस के चंडीगढ़ अध्यक्ष एच.एस. लकी और शहर इकाई के अन्य नेताओं ने शुक्ला को आगामी संगठनात्मक चुनावों के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता के लिए दो दिवसीय रूस यात्रा शुरू करने के बारे में पूछे जाने पर शुक्ला ने कहा कि यह एक पूर्व निर्धारित यात्रा है और उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा, लेकिन हम संसद में भी कह रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री को मणिपुर का दौरा करना चाहिए। उन्हें वहां भी जाना चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि जम्मू-कश्मीर में हाल की आतंकवादी घटनाओं ने केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति में सुधार के भाजपा के दावे को खोखला साबित कर दिया है।

### पंजाब एफसी ने निंथोइंगनबा मीतेई और निहाल सुदेश के साथ अनुबंध किया

मोहाली। पंजाब एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आगामी सत्र से पहले निंथोइंगनबा मीतेई और निहाल सुदेश के साथ करार किया है। क्लब ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चेन्नईयिन एफसी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के लिए खेल चुके भारतीय खिलाड़ी निंथोइंगानबा के साथ क्लब ने तीन साल का करार किया है जो 2027 सत्र तक चलेगा। उन्होंने 81 मैचों में तीन गोल किये हैं। पिछले सत्र में केरल ब्लास्टर्स के साथ आईएसएल में पदार्पण करने वाले 23 साल के सुदेश अपने युवा करियर भारतीय नौसेना, एफए कोचीन और केरल ब्लास्टर्स की युवा टीमों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। पंजाब एफसी फुटबॉल के निदेशक निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा, हम आगामी सत्र के लिए इन दोनों खिलाड़ियों के साथ करार करके खुश हैं। दोनों के पास खेल की गति को बनाये रखने के साथ अग्रिम पंक्ति के लिए गोल के मौके बनाने की काबिलियत है।

### सीजीसी लांडरां में नवाचार शिक्षण पद्धतियों पर एफडीपी का आयोजन

राजपुरा । सीजीसी लांडरां के फामेर्सी द्वारा फार्मास्युटिकल साइंसेज में रिसर्च बेस्ड टीचिंग पद्धतियों पर केंद्रित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एफडीपी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 40 से अधिक फैकल्टी मेंबर्स ने भाग लिया, जिन्होंने इस क्षेत्र के प्रतिष्ठित एक्सपर्ट्स द्वारा संचालित सत्रों में भाग लिया। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को रिसर्च बेस्ड प्रेरित तरीकों को अपने टीचिंग स्टाइल में जोड़कर प्रभावी रणनीतियों से लैस करना था, जिससे वे अपने छात्रों के लिए एक प्रभावी शिक्षण वातावरण बना सकें। एफडीपी के पहले दिन दो सत्रों का आयोजन हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि, डॉ. अमित भाटिया, प्रोफेसर और एचओडी, फार्मास्युटिकल साइंसेज और टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट, एमआरएसपीटीयू, बठिंडा, ने ट्रांसलेशनल रिसर्च पर अपने विचार साझा किए। इसके बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब, बठिंडा के प्रोफेसर और एचओडी, डॉ. राज कुमार ने 'प्रोटैक टार्गेटेड प्रोटीन डिग्रेडर्स' पर एक सत्र का संचालन किया।

# उपचुनाव : जालंधर पश्चिम में बहुकोणीय मुकाबले के आसार

एजेंसी
जालंधर

पंजाब की जालंधर पश्चिम विधानसभा सीट पर बुधवार को होने वाले उपचुनाव को मुख्यमंत्री भगवंत मान के लिए अग्निपरीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है, जिन्होंने लोकसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) के खराब प्रदर्शन के बाद उपचुनाव में जीत के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है।

जालंधर पश्चिम एक आरक्षित विधानसभा क्षेत्र है। यहां आप, कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवारों के बीच बहुकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं।

जालंधर पश्चिम सीट शीतल अंगुरल के ह्यआपह्न विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद खाली हो गई थी। यहां बुधवार को होने वाले उपचुनाव में कुल 15 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। वोटों की गिनती 13 जुलाई को की जाएगी।

पंजाब में सत्तारूढ़ आप ने मोहिंदर



भगत को मैदान में उतारा है, जो पूर्व मंत्री और भाजपा के पूर्व विधायक भगत चुन्नी लाल के बेटे हैं। भगत पिछले साल भाजपा छोड़ ह्यआपह्न में शामिल हो गए थे। भगत समुदाय से जुड़े भगत ने 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के टिकट पर जालंधर पश्चिम सीट से किस्मत आजमाई थी। हालांकि, उन्हें दोनों ही बार हार का सामना करना पड़ा था।

वहीं, कांग्रेस ने सुरिंदर कौर पर दांव लगाया है, जो जालंधर की पूर्व वरिष्ठ उप-महापौर और पांच बार की नगर निगम पार्षद हैं। वह रविदासिया समुदाय से जुड़ी एक प्रमुख दलित नेता हैं। दूसरी ओर, भाजपा ने शीतल अंगुरल को मैदान में उतारा है, जो मार्च में ह्यआपह्न छोड़ भाजपा में शामिल हो गए थे। अंगुरल सियालकोटिया रविदासिया समुदाय से ताल्लुक रखते हैं।

इसी तरह, सुखबीर बादल के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने सुरजीत कौर को टिकट दिया था, लेकिन पार्टी ने बाद में उनसे समर्थन वापस ले लिया। शिअद ने जालंधर पश्चिम उपचुनाव में बसपा उम्मीदवार बिंदर कुमार का समर्थन करने की घोषणा भी कर दी। हालांकि, बादल के खिलाफ बगावत करने वाले शिअद नेताओं का एक समूह उपचुनाव में कौर का समर्थन कर रहा है।

जालंधर पश्चिम विधानसभा उपचुनाव में जीत मान के लिए जरूरी है, क्योंकि हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में ह्यआपह्न का प्रदर्शन खराब रहा था और पार्टी पंजाब की 13 लोकसभा सीटों में से महज तीन पर जीत दर्ज कर पाई थी। मान पिछले दो साल अपनी सरकार द्वारा दी गई मुफ्त बिजली और मोहल्ला क्लीनिक जैसी सुविधाओं के नाम पर मतदाताओं से पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

यहां तक कि मान ने जालंधर में किराये पर एक घर ले लिया और अपने परिवार के साथ वहां रहने चले गए। उन्होंने कहा कि वह उपचुनाव के बाद भी यह घर अपने पास रखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह हफ्ते में दो दिन दोआबा और माझा क्षेत्र के लोगों से मिलकर उनके रोजमर्रा के काम पूरे करवाएंगे।

मान ने भगत के विधायक चुने जाने पर उन्हें अपनी सरकार में मंत्री बनाने के भी संकेत दिए हैं।

# राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा नेता जाखड़ ने कहा : ध्वस्त हो गयी है पंजाब में कानून-व्यवस्था

एजेंसी
चंडीगढ़



पंजाब के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रमुख सुनील जाखड़ ने सोमवार को चंडीगढ़ के राजभवन में राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से मुलाकात के बाद कहा कि राज्य में भय का माहौल है और कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। जाखड़ ने शिवसेना (पंजाब) नेता संदीप थापर पर हमला, बठिंडा में धारदार हथियारों से हमला करके एक व्यक्ति की हत्या और बटाला में दो समूहों के बीच गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत का जिक्र किया। राज्यपाल से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जाखड़ ने कहा कि पंजाब में भय का माहौल है। जाखड़ ने कहा, लुधियाना (शिवसेना नेता पर हमले की घटना), मौर मंडी (बठिंडा) और बटाला (गोलीबारी की घटना में चार मौतें) को देखिए... सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल रही है। जाखड़ ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताते हुए कहा कि उन्होंने राज्यपाल के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा की। जाखड़ ने दावा किया, आज कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और उन्होंने (राज्यपाल ने) भी इसे स्वीकार किया है। इससे पहले जाखड़ ने एक वीडियो संदेश में कहा था कि पूरा पंजाब असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने झपटमारी और चोरी की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा, जो लोग अपने घरों में बैठे हैं वे भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं।

# बाजवा ने राज्यपाल पर निशाना साधते हुए कहा, आप केवल एक वर्ग का प्रतिनिधित्व नहीं करते

एजेंसी
चंडीगढ़

पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित के लुधियाना जाकर तलावार के हमले से घायल शिवसेना (पंजाब) के नेता का हालचाल पूछने के एक दिन बाद कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने सोमवार को कहा कि वह पूरे पंजाब के राज्यपाल हैं और लोगों के केवल एक वर्ग का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। बाजवा ने पंजाब में ह्यजंगल राजह्न कायम होने का दावा करते हुए पुरोहित से बटाला का भी दौरा करने को कहा जहां गोलीबारी की घटना में चार लोग मारे गए थे।

जालंधर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाजवा ने राज्यपाल से सिद्धू मूसेवाला हत्या मामले की जांच की निगरानी करने को भी कहा। बाजवा का यह बयान पुरोहित द्वारा लुधियाना का दौरा करने के एक दिन बाद आया है। पुरोहित ने लुधियाना में शिवसेना (पंजाब) नेता संदीप थापर के स्वास्थ्य के की जानकारी ली थी। गत शुक्रवार लुधियाना में तीन



हमलावरों ने थापर पर दिन दहाड़े तलवारों से हमला कर दिया था जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

पुरोहित ने अपने लुधियाना दौरे के दौरान कहा था कि वह घटना की जांच की निगरानी करेंगे और कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। बाजवा ने कहा, मैं राज्यपाल से पूछना चाहता हूं कि कल वे लुधियाना में उनके (थापर का) स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने गए थे। मैंने पुरोहित का बयान सुना जिसमें उन्होंने कहा कि वे इस मामले की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करेंगे। उन्हें इसका अधिकार है।

## सिख परिवारों के विस्थापन से भाजपा की सिख विरोधी नीति एक बार फिर उजागर हुई : जत्थेदार मसाना और भाई ग्रेवाल

# शिरोमणि कमेटी हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा अमुपुर गांव के विस्थापित सिख परिवारों तक पहुंची

सिटी दर्पण
करनाल

हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा करनाल जिले के अमुपुर गांव में देश के विभाजन के बाद पश्चिमी पंजाब से उजड़ कर हरियाणा में बसे चार सिख परिवारों के घरों को तोड़ने की कार्रवाई पर संज्ञान लेते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल आज यहां पहुंचा और पीड़त परिवारों से मुलाकात की और उनके साथ खड़े रहने का संकल्प लिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कल शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने एक कमेटी का गठन किया, जिसमें शिरोमणि कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष स. हरभजन सिंह मसाना, जूनियर उपाध्यक्ष गुरबख्श सिंह खालसा, सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल, स. बलदेव सिंग कैमपुर और धर्म प्रचार समिति के सदस्य स. तेजिंदरपाल सिंह लाडवा शामिल हैं।

शिरोमणि कमेटी के इस प्रतिनिधिमंडल ने आज पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और जमीनी स्तर पर पूरी स्थिति की जानकारी ली। इस मौके पर शिरोमणि कमेटी प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिया कि सिख संगठन उनके साथ है और सरकार की धक्केशाही और दमन का डटकर विरोध किया जाएगा। शिरोमणि कमेटी ने चारों पीड़ित सिख परिवारों को एक-एक लाख रुपये की प्रारंभिक सहायता देने की घोषणा की और राज्य में हरियाणा की भाजपा सरकार के अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा की और सरकार से इन परिवारों के साथ न्याय करने को कहा।

इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे स. हरभजन सिंह मसाना ने कहा कि शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट धामी के आदेशानुसार चारों सिख परिवारों को शुरूआत में एक-एक लाख रुपये देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि



सिख संगठन इन सिख परिवारों को हर स्तर पर सहयोग करेगा और आगे भी उनकी जरूरत के मुताबिक उन्हें हर तरह की सहायता दी जायेगी। उन्होंने मानवाधिकार से जुड़े संगठनों और कार्यकताओं से राज्य में भाजपा सरकार द्वारा सिखों के खिलाफ इस धक्के के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। स. मसाना ने सभी सिख संस्थाओं और संगठनों से भी इन परिवारों की यथासंभव मदद करने की अपील की ताकि दुख की इस घड़ी में उन्हें सहारा दिया जा सके।

शिरोमणि कमेटी के सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने हरियाणा की भाजपा सरकार की सिख विरोधी कार्रवाई की कड़ी निंदा की और कहा कि सरकार की इस कार्रवाई से सिखों में गहरा रोष है। इस कार्रवाई से भाजपा की सिख विरोधी नीति एक बार फिर उजागर हो गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना की पूरी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की है और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को देखना चाहिए कि उनकी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार किस तरह हरियाणा में सिखों को परेशान कर रही है। भाई ग्रेवाल ने उन सिख नेताओं से भी सवाल किया जो खुद को भाजपा का समर्थक बताते हैं और कहा कि वे अब बताएं कि भाजपा सरकार के राज्य में सिखों के घर क्यों तोड़े जा रहे हैं। उन्होंने घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर कुरूक्षेत्र में कार्यरत हरियाणा सरकार द्वारा नामित गुरुद्वारा कमेटी के प्रतिनिधियों की भी कड़ी निंदा की और कहा कि वह कई दिन बीत जाने के बाद भी वे अमुपुर में पीड़ित सिख परिवारों से मिलने नहीं पहुँचे। पीड़ित सिख परिवारों मे से स. बूटा सिंह ने जानकारी साझा की कि वे चार भाई हैं और उनका परिवार देश के विभाजन के बाद पंजाब से आकर पिछले 70 वर्षों से अमुपुर गांव में बसा है, लेकिन 26 जून 2024 को अचानक सरकारी अधिकारियों ने उनके खिलाफ पुलिस बल के सहयोग से चार परिवारों के मकान ढह ढेरी कर दिए। इस अवसर पर हरियाणा सिख मिशन के प्रभारी स. सुखविन्द्र सिंह, प्रभारी गुरमति संगीत अकादमी सेखुपुरा करनाल स. प्रताप सिंह, स. सुरिंदर सिंह रामगढ़िया आदि मौजूद थे।

दैनिक सिटी दर्पण आईना सच का
न्वोन्मेषकः स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापकः सतपॉल शर्मा
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एंव 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित
सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।
स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्कः 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

# हम सबको मिलकर जल बचाने व वर्षा के पानी को संचित करने के लिए और अधिक मजबूती से करना होगा कार्य

## जल शक्ति अभियान में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी हो सुनिश्चित

- जल शक्ति अभियान की केंद्रीय नोडल अधिकारी ने किया जिला के विभिन्न गांवों का दौरा
- रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का किया उद्घाटन
- भू-जल सहेलियों से किया सीधा संवाद

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



जल शक्ति अभियान की केंद्रीय नोडल अधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार से आज आवश्यकता से अधिक जल का दोहन किया जा रहा है, उससे आने वाले समय में जल का संकट पैदा हो सकता है। हम सबको मिलकर जल बचाने व वर्षा के पानी को संचित करने के लिए और अधिक मजबूती से कार्य करना होगा। इस अभियान में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी होना बहुत जरूरी है। विशेषकर अधिक से अधिक महिलाओं जल शक्ति अभियान में जोड़ा जाए और उन्हें जल बचाने के प्रति जागरूक किया जाए।

जल शक्ति अभियान की केंद्रीय नोडल अधिकारी सुश्री भूमिका वर्मा ने आज जिला कैथल की सिंचाई विभाग की टीम के साथ विभिन्न गांवों का दौरा किया और जल शक्ति अभियान के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने गांव हाबड़ी में अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए गए दो तालाबों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर तालाब एक महत्वाकांक्षी और एक जल संरक्षण की दिशा में अच्छा कदम है। इसके बाद उन्होंने गांवों में डीएसआर तकनीक के तहत लगाई गई धान क्षेत्र का निरीक्षण किया और किसानों से बातचीत की। कृषि विभाग के अधिकारियों ने अवगत करवाया कि इस विधि द्वारा लगाई गई धान में पारंपरिक तरीके से लगाई गई धान की अपेक्षा पानी की कम खपत होती है।

बातचीत के दौरान बागवानी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नेट हाउस लगाने पर प्रदेश सरकार द्वारा सामान्य श्रेणी के किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान तथा अनुसूचित जाति के किसानों को 85 प्रतिशत अनुदान राशि दी जाती है। किसानों को सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए, ताकि जल बचाने की दिशा में भी काम हो। उन्होंने गांव में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए जलघर का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल बचाने की दिशा में लोगों को जागरूक करें। विशेष रूप से महिलाओं को इस अभियान से जोड़ा जाए। स्कूलों में बच्चों को जागरूक करने के लिए जल बचाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके बाद उन्होंने सिंचाई विभाग कार्यालय में लगाए गए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का उद्घाटन किया तथा परिसर में पौधा रोपण भी किया। नोडल अधिकारी ने भू-जल सहेलियों से सीधा संवाद किया और उनको गांव में जल बचाने के लिए अन्य महिलाओं को जागृत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा पानी की खपत कृषि क्षेत्र विशेषकर धान फसल में होती है। किसानों को फसल विविधीकरण को अपनाना चाहिए और धान की बजाए अन्य फसलों को उगाकर अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकते हैं। हमें जल संसाधनों को बचाने के लिए विशेष कार्य करने की जरूरत है।

# जोहड़ संवर कर बन रहे हैं स्वच्छ सरोवर : डॉ. वीरेंद्र सिंह

सिटी दर्पण
करनाल




गंदगी और सड़ांध के पर्याय माने जाने वाले हमारे तालाब अब संवरने लगे हैं। अमृत सरोवर योजना सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हरियाणा तालाब प्राधिकरण की देख रेख में प्रदेश भर में सैकड़ों तालाबों का पुनरुद्धार और पुनर्जीवन भी संभव हो पाया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने यह टिप्पणी पोपड़ा गाँव के तालाबों के नवीकरण कार्यों की समीक्षा करने पहुँचे तालाब प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रभाकर वर्मा की उपस्थिति में ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए की। वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने प्राधिकरण बनाकर अपशिष्ट जल प्रबंधन और तालाबों के पुनर्जीवन का जो काम शुरू किया है वह अनूठा और अद्भुत है। डॉ. सिंह ने कहा असंध विधानसभा क्षेत्र के अनेक गावों में अनेक तालाबों के सौंदर्यीकरण का काम तेजी से चल रहा है। बल्ला और पाढा के तालाबों की खुदाई के बाद पटरियों पर पेड़ पौधे लगाकर पटरी के साथ साथ हरित पट्टी बनायी गई है। यह तालाब अब दर्शनीय बन गए हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण सुबह शाम यहाँ सैर करने पहुँचते हैं। ऐसा ही दृश्य दुपेडी के सरोवर पर भी होता है। सालवन और राहड़ा में भी काम पोपड़ा की तरह तेज गति से चल रहा है। तालाब प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रभाकर वर्मा ने इस अवसर पर पंचायतीराज के अभियंताओं पोपड़ा की पहाड़ी वाले तालाब और बड़ा बीर तालाब में कामकाज की प्रगति को लेकर जवाब तलबी की। उन्होंने कहा कि काम बरसात शुरू होने से पहले सम्पन्न करना आवश्यक है। उन्होने विभागीय अधिकारियों से कहा की तलाबों के विकास के काम करते समय वे प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई ड्रॉइंग के अनुसार ही काम करें। यदि कही संशोधन की आवश्यकता महसूस होती है तो उसकी इजाजत प्राधिकरण से लेना आवश्यक है। वर्मा ने कहा अधिकारी अपनी मजी से ड्रॉइंग में छेड़-छाड़ न करें और काम की प्रगति को लगातार समयबद्ध ढंग से संबंधित पोर्टल पर अपलोड करते रहे। सरपंच राहुल की उपस्थिति में उपाध्यक्ष प्रभाकर वर्मा और भाजपा नेता डॉ वीरेंद्र सिंह ने ग्रामवासियों से संकल्प कराया कि इस बार स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम वासी पहाड़ी वाले तालाब पर यज्ञ का आयोजन करेंगे और ध्वजारोहण भी वही पर हो। पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता परमिंदर सैनी की अगुवाई में अधिकारियों ने इस तालाब का काम 15 अगस्त से पहले पूर्ण करने का वचन दिया।

इस अवसर पर पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता परमिंदर सैनी उनके संबंधित उप मंडल अभियंताओं और कनिष्ठ अभियंताओं के साथ, सरपंच राहुल कुमार, जेई रामकरण, नसीब आर्य, विकास कुमार, बहादुर सिंह, ओम प्रकाश, कृष्णा आदि उपस्थित रहे।

# थानेसर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की प्रत्येक सडक का होगा निर्माण: सुभाष सुधा

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा ने थानेसर विधानसभा क्षेत्र में 2 करोड़ 18 लाख 81 हजार रुपए की लागत से वार्ड नंबर 18, 20 और 24 में बनने वाली 21 सड़कों का शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को सौगात दी। उन्होंने कहा कि थानेसर विधानसभा क्षेत्र में ऐसा कोई भी गांव व शहर नहीं बचेगा जहां पर सडकों के टेंडर ना लगे हो। सभी जगहों पर टेंडर लगाकर क्षेत्रवासियों को अच्छी सडके व अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की सडकों को बनवाने की मांग आ रही थी, जिसे पूरा करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि करीब थानेसर शहर मे 70 लाख रुपए की लागत से ट्रैफिक लाइट लगाई जाएंगी। इसके अलावा, पार्कों का सौंदर्यीकरण करवाया जा रहा है। इसके अलावा, सामुदायिक भवनों को अपग्रेड तथा वातानुकूलित बनाने का काम किया जा रहा है।

राज्यमंत्री ने कहा कि थानेसर क्षेत्र के लिए नाईट स्वीपिंग मशीन का टेंडर भी 15 जुलाई को खुल जाएगा, जिसके बाद यहां पर रात्रि के समय स्वीपिंग मशीन के माध्यम से सडकों की सफाई का कार्य हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आगे भी विकास की दृष्टि से यहां पर अनेकों विकास कार्य करवाए जाएंगे, जिससे कुरुक्षेत्र जिला विकास की दृष्टि से ओर विकसित और सुंदर बनेगा।

# 30-30 वर्ग गज के प्लाट देकर सरकार ने गरीबों से किया मजाक: सैलजा

- बीपीएल परिवार 13 हजार रुपये प्रतिमाह की किस्त कहां से जमा करवाएगा
- कांग्रेस शासन में गरीबों को दिए गए थे 100-100 गज के प्लाट मुफ्त

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और कर्मचारियों के साथ मजाक करने में लगी हुई है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को जहां 100-100 वर्ग गज के प्लाट निःशुल्क दिए जाने थे अब उन्हें एक एक लाख रुपये लेकर 30-30 वर्ग गज के प्लाट दिए जा रहे हैं जो किस्तों में देने होंगे। मकान बनाने के लिए ब्याज पर 6 लाख तक का ऋण उपलब्ध करवाने की बात कही गई है। ऐसे में गरीब परिवार किस्त के रूप में कम से कम 13000 रुपये कैसे जमा करवाएगा। सरकार ने प्लॉट के नाम पर उलझाकर रख दिया है। जब उसके पास पैसों की व्यवस्था नहीं होगी तो उसे प्लाट छोड़ना होगा।

मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 11 शहरों में गरीबों को जिनकी आय 1.80 लाख से कम है, उन्हें हाउसिंग फार ऑल योजना के तहत 30 वर्ग गज के प्लॉट दिए जाने की घोषणा की थी। इस योजना के तहत प्रोविजनल आवंटन पत्र प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर 10 हजार रुपये और शेष 80 हजार रुपये छह किस्तों में जमा करवाने होंगे। शर्त के अनुसार प्लाट धारक को आवंटन के एक साल के भीतर आवासीय इकाई का निर्माण करना होगा और 24 माह के भीतर निर्माण पूर्ण करना होगा। प्लॉट का उपयोग केवल आवास निर्माण के लिए करना होगा, आवंटन की तिथि से 10 साल तक न तो प्लॉट को बेचा जा सकेगा और न ही पट्टे पर दिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि शतार्नुसार लाभार्थी बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से घर निर्माण के लिए ब्याज पर 6 लाख रुपये तक के गृह ऋण की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्लॉट की किस्त और बैंक की किस्त के रूप में कम से कम लाभार्थी को 13000 रुपये प्रति माह देने होंगे जो एक बीपीएल परिवार के लिए असंभव है, जिस परिवार की आय ही 1.80 लाख रुपये से कम हो वह प्रति माह 13000 रुपये की किस्त के साथ साथ परिवार का भरण पोषण कैसे करेगा। सरकार की शर्तें पूरी न होने पर मजबूरन उसे प्लॉट सरेंडर करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का गरीबों को 30-30 वर्ग गज का प्लाट एक प्रकार से गरीबों का मजाक उड़ाना ही है। उन्होंने कहा कि सरकार को अगर प्लॉट देने ही थे तो निःशुल्क देते। सैलजा ने कहा कि कांग्रेस राज में गरीबों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट निःशुल्क उपलब्ध करवाए थे। भाजपा सरकार ने उस नीति पर न चलते हुए पैसा लेकर 30-30 वर्ग गज के प्लॉट देकर गरीबों के साथ मजाक किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर गरीबों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## संक्षिप्त-समाचार

### मुख्यमंत्री ने करनाल जिले में 10.59 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 9 ओडीआर सड़कों के सुधार को दी मंजूरी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने जिला करनाल की 9 ओडीआर सड़कों की विशेष मरम्मत और सुधार की प्रशासनिक मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 10.59 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 1.04 करोड़ रुपये की लागत से करनाल-कैथल रोड से गांव पिंगली नरुखेड़ी तक 4.151 किलोमीटर तक सड़क का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसी तरह से 1.24 करोड़ रुपये की लागत से गांव काछवा से डेरा पुरबियान रोड तक 2.250 किलोमीटर तक सड़क का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण व 85.22 लाख रुपये की लागत से गांव शाहपुर से गांव कलामपुर रोड तक 1.650 किलोमीटर तक चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण शामिल है। इसी प्रकार,1.58 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से गांव डाबरी कलामपुर पहुंच मार्ग का सुदृढ़ीकरण, 95.91 लाख रुपये की लागत से गांव कलामपुर से काछवा तक 3.400 किलोमीटर लंबी सड़क का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसके अलावा, करनाल जिले में 2.19 करोड़ रुपये की लागत से गांव काछवा से जरीफाबाद तक 4.320 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण, 1.13 करोड़ रुपये की लागत से गांव घोघडीपुर से पिंगली तक 2.300 किलोमीटर लंबी सड़क का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसी तरह से 1.34 करोड़ रुपये की लागत से गांव काछवा से बहलोलपुर तक 4.100 किलोमीटर लंबी सड़क, 22.78 लाख रुपये की लागत से करनाल-काछवा-सांबली-कौल सड़क से पुंडरक तक 1.100 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।

### पी.जी.टी. संस्कृत के 46 पदों का परिणाम जारी


चंडीगढ़। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा एस.एल.पी.(सी) 3263 /2023 में सर्वोच्च न्यायालय के 22 अप्रैल, 2024 को दिए गए आदेश की अनुपालना में विज्ञापन संख्या 4/2015 कैटेगरी संख्या 16 के तहत शेष बचे हुए 46 पदों का परिणाम जारी कर दिया है। आयोग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इन 46 पदों में से 45 पदों के विरुद्ध अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए अनुशंसा कर दी गयी है और एक सामान्य पद का परिणाम सी.डब्ल्यू.पी. संख्या 1213/2024 की अनुपालना में लंबित रख लिया गया है।

### शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने अस्पताल में दाखिल घायल स्कूली बच्चों से की मुलाकात

चंडीगढ़। हरियाणा की शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा ने गत दिवस हुई बस दुर्घटना में घायल स्कूली बच्चों से आज पंचकूला के सेक्टर 6 स्थित नागरिक अस्पताल में मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। शिक्षा राज्य मंत्री ने सरकार की तरफ से बच्चों के अभिभावकों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। श्रीमती त्रिखा ने अस्पताल में घायल बच्चों के अभिभावकों से बातचीत की और बच्चों को दिए जा रहे उपचार का फीडबैक लिया। उन्होंने अभिभावकों का ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने इलाज कर रहे डॉक्टरों से भी बातचीत की। शिक्षा राज्य मंत्री ने बच्चों को बेहतर इलाज उपलब्ध करवाने के साथ - साथ विशेषतौर पर ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने घायल बच्चों से इलाज व खाने पीने की उचित व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने सीएमओ को विशेषतौर पर इलाज की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए और कहा कि बच्चों के सम्पूर्ण उपचार और अभिभावकों के संतुष्ट होने के उपरांत ही बच्चों को अस्पताल से घर भेजा जाए। सिविल सर्जन श्रीमती मुक्ता कुमार ने शिक्षा मंत्री को अवगत करवाया कि नागरिक अस्पताल में लगभग 11 बच्चे दाखिल हैं जिनमें छः लड़कियां और पांच लड़के शामिल हैं। इनमें एक लड़का आईसीयू में दाखिल है और उसकी स्थिति पहले से बेहतर है।

# लोग ऑनलाइन आवेदन करके सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं: संजय सिंह

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव राज्य मंत्री श्री संजय सिंह ने जिला नूंह के गांव उजीना में आयोजित खुला दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने आमजन कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हुई हैं। नागरिक सीधे ऑनलाइन आवेदन कर इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। लोगों की सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड, फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड आदि बनाने का कार्य व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। नागरिकों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

खुला दरबार में लगभग 150 शिकायतें मिली, मंत्री ने उन शिकायतों पर अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय रहते लोगों की शिकायतों को दूर करें। सरकार के आदेश हैं कि जन शिकायतों को अधिक समय तक लंबित ना रखा जाए। मंत्री श्री संजय सिंह ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी को सूचना देने पर भी खुले दरबार में उपस्थिति न रहने पर विभागीय कार्रवाई के आदेश भी दिए और कहा कि जो भी अधिकारी खुला दरबार में जनता की समस्याओं को हल करने के लिए उपस्थित नहीं होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

खुले दरबार में वन मंत्री श्री संजय सिंह ने कहा कि मौजूदा सरकार लोगों की समस्याओं को लेकर गंभीर है। किसी को भी किसी प्रकार की समस्या नहीं हो, इसलिए प्रदेश में लोगों की समस्याएं सुनने के लिए जनता खुले दरबार लगाए जा रहे हैं। इस अवसर पर एसडीएम नूंह विशाल, लोक निर्माण विभाग एवं भवन निर्माण के कार्यकारी अभियंता शमशेर सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# व्यायामशाला में जाकर नशे को लेकर युवाओं को किया जागरूक : मदन चौहान

सिटी दर्पण
यमुनानगर




युवाओं को नशे दूर रहकर खेलों में भाग लेना चाहिए क्योंकि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने युवाओं के लिए अनेक योजना चलाई है जो मेडल लेकर आता है उसे उच्च पद व पूरा मान सम्मान दिया जाता है यह काम केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही कर सकती है। पिछली सरकारों ने तो खिलाड़ियों का शोषण करने का काम किया है। मॉडल टाउन में निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने व्यायामशाला में युवाओं से मुलाकात की और उन्हें बताया कि युवाओं को राजनीति में भाग लेना चाहिए क्योंकि युवा शक्ति में जो काम करने की ऊर्जा होती है वह शायद किसी में नहीं होती समय के साथ चलने के लिए युवा सोच का होना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि हमारा देश सबसे ज्यादा जनसंख्या का देश है परंतु उसके बावजूद हमारा देश निरंतर ताकतवर बन रहा है। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और देश में जो भी विकास हो रहा है बाकी सभी देश आज भारत की ओर देख रहे है। हमें गर्व महसूस होता है कि हमारा देश इतनी तरक्की कर रहा है।

भारतीय जनता पार्टी युवाओं को लेकर के नई-नई योजनाएं बना रही है पढ़े लिखे बच्चों को बिना किसी भेदभाव के सरकारी नौकरी जहां मिल रही है। वहीं राजनीति में हिस्सा भी बराबर मिल रहा है। हरियाणा इकलौता प्रदेश है जहां की पंचायतें आज पढ़ी-लिखी हैं और युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी, जहां दूसरे राज्य नशे की चपेट में है। वही हरियाणा अपने आप में ताकतवर प्रदेश के नाम से जाना जाता है, जहां जय जवान जय किसान जय बलवान का नारा सही साबित होता है। वह केवल हरियाणा है, जहाँ के युवाओं ने अपने दम पर पूरे विश्व भर में हरियाणा ने अपना नाम हासिल किया है।

# देश के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थलों के श्रद्धालुओं को करवाएं जा रहे है नि:शुल्क दर्शन: सुभाष सुधा




सिटी दर्पण
चंडीगढ़

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज कुरुक्षेत्र से अयोध्या धाम के लिए यात्रियों की बस को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर मंत्री ने बस में जाकर श्रद्धालुओं से बातचीत की और उनकी यात्रा के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं दी। श्री सुभाष सुधा ने कहा कि तीर्थ स्थलों का दर्शन करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत श्रद्धालुओं को निःशुल्क हरियाणा रोडवेज की एसी बस के माध्यम से अयोध्या धाम की यात्रा करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इससे पहले थानेसर से श्रद्धालुओं की मांग पर श्री खाटू श्याम तीर्थ, मथुरा व अन्य तीर्थ स्थलों के लिए भी बस चलाई गई हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए यात्रा से संबंधित पूरी व्यवस्था की गई है ताकि उन्हें रास्ते में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

## लिंगानुपात में सुधार के लिए करनाल जिला का प्रदेश में तीसरा स्थान : उपायुक्त

# टीबी मुक्त 22 ग्राम पंचायतों को उपायुक्त उत्तम सिंह ने स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

सिटी दर्पण
करनाल




टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में किया गया। इस सम्मान समारोह में 22 पंचायतों को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। टीबी मुक्त अभियान की वर्ष 2024 की समीक्षा में आयुष्मान भारत गुणवत्ता स्वास्थ्य कार्यक्रम में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया है।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने टीबी मुक्त गांव बनाने में अहम योगदान देने वाली टीबी मुक्त 22 पंचायतों के सरपंच भी बधाई के पात्र हैं और कहा कि इन पंचायतों की तरह जिला की सभी पंचायतें अपने- अपने गांवों को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग करें। इसी पहल को आगे भी जारी रखें और सम्मानित हुए सरपंच अपने आस पास की पंचायतों का भी सहयोग करें, जिससे पूरा जिला टीबी मुक्त हो जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को जिला में उचित मेडिकल सुविधा प्रदान करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे टीबी के मरीजों को दी जाने वाली न्यूट्रिशन किट का वितरण सही ढंग से किया जाए। उन्होंने सरपंचों को समाज सुधार के कार्यों में आगे आकर कार्य करने का आह्वान किया। सरपंच गांव में साफ सफाई तथा नशे व ड्रग आदि के प्रति भी नागरिकों को जागरूक करें। उन्होंने सरपंचों को नशा मुक्ति में सहयोग देने का आह्वान किया व नशे की तस्करी की जानकारी सम्बंधित अधिकारियों को दी जाए। जानकारी देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप लिंगानुपात सुधार में करनाल जिला राज्य में तीसरे स्थान पर है। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग तथा ग्राम पंचायतों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए निरंतर अपने अभियान को जारी रखें और कहीं पर भी कन्या भ्रूण हत्या जैसी घटना को न होने दें। इसके लिए लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि आज के समय में लडका और लडकी में कोई भेद नहीं है, लड़कियों को भी जीने का अधिकार दें तथा उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढने का अवसर प्रदान करें।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा ड्रग फ्री हरियाणा, ड्रग फ्री इंडिया मुहिम को साकार करने के लिए पंचायत स्तर पर सरपंचों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त व लिंगानुपात में आदर्श पंचायतें बनाने व नशे को रोकने के लिए प्रशासन गंभीर है। गांवों में सरपंचों के माध्यम से नशा तस्करी के कार्य को रोकने के लिए सहयोग दें। नशा तस्करों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। प्रशासन द्वारा नशा तस्करों पर उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने सरपंचों से आह्वान किया कि वे गांव के नौजवानों को नशा छोडने के लिए प्रोत्साहित करें तथा जो नौजवान नशे की ओर जा रहे हैं जिससे न केवल युवाओं का शरीर कमजोर हो रहा है, बल्कि अपराध भी की तरफ भी जा रहे हैं, इससे बचने की जरूरत है। नशा प्रभावितों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा काउंसलिंग व उचित उपचार दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में नशा तस्करी रोकने के लिए हेल्पलाइन नम्बर पर सूचना दे सकते हैं और सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इस मौके पर सीएमओ डॉ कृष्ण कुमार ने कहा कि 24 मार्च 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान लांच किया गया था। इस अभियान में 6 इंडिकेटरों द्वारा टीबी फ्री पंचायत का आंकलन किया जाता है। इस मुहिम के लिए 45 ग्राम पंचायतों ने आवेदन दिया था इसमें से 22 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हुई हैं। इन 22 पंचायतों को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि 1 साल तक इन शर्तों को पूरा करने वाली ग्राम पंचायतों को महात्मा गांधी की ताम्र मूर्ति, 2 साल तक पूरा करने वाली ग्राम पंचायतों को रजत मूर्ति व 3 वर्ष पूरा करने पर स्वर्ण मूर्ति दी जाएगी। आज इन शर्तों को 1 साल पूरा करने वाल ग्राम पंचायतों को ताम्र मूर्तियां प्रशंसा पत्र सहित दी गईं।

सीएमओ ने बताया कि टीबी रोग की रोकथाम में सराहनीय कार्य करने वाली नीलोखेड़ी ब्लॉक से 9 ग्राम पंचायतें, इंद्री से 8 व घरौंडा से 5 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया है।



## संपादकीय

# उपभोक्ता सशक्तीकरण



गत सप्ताह एक स्वागतयोग्य घटनाक्रम में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने खाद्य संरक्षा एवं मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) नियमन 2020 को मंजूरी प्रदान कर दी। इसके तहत खाद्य पदार्थों में नमक, शक्कर और संतृप्त वसा (सैचुरेटेड फैट) के बारे में मोटे अक्षरों में जानकारी देनी होगी। ऐसा नहीं है कि पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में यह सूचना उपलब्ध नहीं है लेकिन यह अक्सर छोटे अक्षरों में दी जाती है जिसकी अक्सर अनदेखी हो जाती है। यह कदम उपभोक्ताओं को सही निर्णय लेने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस संशोधन से जुड़ी मसौदा अधिसूचना अंशधारकों के सुझावों और टिप्पणियों के लिए सार्वजनिक पटल पर रखी जाएगी। प्राधिकरण यह देखना चाहता है कि अन्य अंशधारक मसलन कंपनियां प्रस्तावित संशोधन के क्रियान्वयन के बारे में क्या कहना चाहती हैं। यह कई वजहों से अहम है। भारत तेजी से विकसित हो रहा है और उसका शहरीकरण भी हो रहा है। ऐसे में कई वजहों से अधिक से अधिक संख्या में लोग पैकेटबंद भोजन को अपना रहे हैं। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की सहज उपलब्धता के कारण बड़ी तादाद में बच्चे पैकेटबंद चीजों को खाते हैं जिससे उनके स्वास्थ्य को बड़ा खतरा उत्पन्न होता है। उदाहरण के लिए यूनिसेफ के वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस 2022 के मुताबिक 2030 तक भारत में 2.7 करोड़ से अधिक बच्चे मोटापे के शिकार होंगे। यह दुनिया के कुल मोटे बच्चों का करीब 10 फीसदी होगा। भारत में बड़ी तादाद में कुपोषित बच्चे हैं और इस बीच अधिक वजन वाले बच्चों की संख्या भी बढ़ रही है। ऐसे में प्राधिकरण की यह अपेक्षा सही है कि जन स्वास्थ्य में सुधार के लिए इन बदलावों को लागू किया जाए। प्राधिकरण की इस बात के लिए सराहना की जानी चाहिए कि उसने इस दिशा में सक्रियता दिखाई है लेकिन केवल पोषण संबंधी सूचना को बड़े अक्षरों में लिखाना पर्याप्त उपयोगी नहीं होगा बल्कि उपभोक्ताओं को इसका अर्थ भी पता होना चाहिए। उन्हें यह जानकारी भी होनी चाहिए कि किस सीमा तक उपभोग करने से नुकसान शुरू हो जाता है। साफ कहा जाए तो कुल संतृप्त वसा, नमक और शक्कर के बारे में मोटे अक्षरों में जानकारी दिए जाने के बावजूद बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। केंद्र और राज्यों के स्तर पर जन स्वास्थ्य से जुड़े विभागों को यह सलाह दी जानी चाहिए कि वे जागरूकता फैलाने के लिए सार्वजनिक अभियान चलाएं। बेहतर खाद्य पदार्थों का चयन भी स्वास्थ्य व्यवस्था पर दबाव कम करने का काम करेगा। एक अन्य मुद्दा पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में नियमन की सख्ती का भी है। यहां खाद्य नियामक को अधिक सक्रियता दिखाने की जरूरत है। उदाहरण के लिए भारतीयों को कुछ लोकप्रिय ब्रांड के मसालों में हानिकारक तत्त्वों के होने का पता तब चला जब उनका विदेशों में परीक्षण किया गया। इसका खुलासा एक विदेशी गैर सरकारी संगठन ने किया था कि एक लोकप्रिय बेबी फूड ब्रांड भारत जैसे विकासशील देशों में अतिरिक्त चीनी का इस्तेमाल कर रहा है। एक इंटरनेट इन्फ्लुएंसर के खुलासों के बाद ई-कॉमर्स वेबसाइटों को यह सलाह दी गई कि वे कुछ ब्रांडों को स्वास्थ्यवर्धक पेय की श्रेणी में रखकर न बेचें। ऐसे में यह अहम है कि खाद्य नियामक न केवल यह स्पष्ट करे कि विभिन्न तत्त्वों की मान्य सीमा क्या है बल्कि यह भी सुनिश्चित करे कि खाद्य क्षेत्र की सभी कंपनियां दिशानिर्देशों का पालन करें। नियामक को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि सभी कंपनियां नियमों का पालन करें। यह न केवल लोगों के स्वास्थ्य के लिए बेहतर है बल्कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों तथा अन्य उत्पादों के लिए निर्यात के अवसर भी तैयार होंगे। इससे रोजगार का सृजन होगा और सभी को फायदा होगा। वर्ष 2014-15 से 2022-23 के बीच कुल कृषि खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य की हिस्सेदारी दोगुनी होकर करीब 26 फीसदी हो गई। खाद्य नियमन में वैश्विक मानकों का पालन अवसर बढ़ाएगा।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
|  | **मेष:** सुकून हासिल करने लिए कुछ पल करीबी दोस्तों के साथ बिताएँ। दिन भर भले ही आप धन को लेकर जूझते रहें लेकिन शाम के वक्त आपको धन लाभ हो सकता है। एक बेहतरीन शाम के लिए रिश्तेदार/दोस्त घर आ सकते हैं। रोमांचक दिन है, क्योंकि आपका प्रिय आपको तोहफे/उपहार दे सकता है। |
|  | **वृषभ:** आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। आज आपका धन कई चीजों पर खर्च हो सकता है, आपको आज अच्छा बजट प्लान करने की आवश्यकता है इससे आपकी कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। पढ़ाई-लिखाई में कम रुचि के चलते बच्चे आपको थोड़ा निराश कर सकते हैं। |
|  | **मिथुन:** भले ही आप उत्साह से लबरेज हों, फिर भी आज आप किसी ऐसे की कमी महसूस करेंगे जो आज आपके साथ नहीं है। अगर आपने अपने घर के किसी सदस्य से उधार लिया था तो उसे आज लौटा दें नहीं तो वो आपके खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर सकता है। |
|  | **कर्क:** जो धुंध आपके चारों तरफ छायी हुई है और आपकी प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है। आप उन योजनाओं में निवेश करने से पहले दो बार सोचें जो आज आपके सामने आयी हैं। एक बेहतरीन शाम के लिए रिश्तेदार/दोस्त घर आ सकते हैं। |
|  | **सिंह:** खुद अपना इलाज करने से बचें, क्योंकि दवाई पर आपकी निर्भरता बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। बिना विचार किये आपको किसी को भी अपना पैसा नहीं देना चाहिए नहीं तो आपको आने वाले वक्त में बड़ी परेशानी है सकती है। |
|  | **कन्या:** चोट से बचने के लिए सावधानी से बैठें। साथ ही सही तरीके से कमर सीधी करके बैठना न केवल व्यक्तित्वमें सुधार लाता है, बल्कि सेहत और आत्म-विश्वास के स्तर को भी ऊपर ले जाता है। जिन लोगों ने लोन लिया था आज उन्हें उस लोन की राशि को चुकाने में दिक्कतें आ सकती हैं। |
|  | **तुला:** रचनात्मक शौक आज आपको सुकून का एहसास कराएंगे। आपके द्वारा धन को बचाने के प्रयास आज असफल हो सकते हैं हालांकि आपको इससे घबराने की जरुरत नहीं है स्थिति जल्द ही सुधरेगी। जितना आपने सोचा है, आपके दोस्त उससे ज्यादा मददगार साबित होंगे। |
|  | **वृश्चिक:** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है। आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। आपको मेरी सलाह है कि शराब सिगरेट जैसी चीजों पर पैसा खर्च न करें, ऐसा करना आपके स्वास्थ्य को तो खराब करता ही है आपकी आर्थिक स्थिति भी इससे बिगड़ती है। |
|  | **धनु:** ऐसी गतिविधियों में संलग्न रहें, जो आपको सुकून दें। जो लोग काफी वक्त से आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे उन्हें आज कहीं से धन प्राप्त हो सकता है जिससे जीवन की कई परेशानियां दूर हो जाएंगी। कोई ऐसा इंसान जिसके मन में आपके लिए गलत भावना थी आज मामला निबटाने और आपसे सुलह करने के लिए पहल करेगा। |
|  | **मकर:** दिन फायदेमन्द साबित होगा और आप किसी पुरानी बीमारी में काफी आराम महसूस करेंगे। व्यापार में मुनाफा आज कई व्यापारियों के चेहरे पर खुशी ला सकता है। किसी पुराने दोस्त से अचानक मुलाकात संभव है, जिसके चलते पुरानी खुशनुमा यादें फिर तरोताजा होंगी। |
|  | **कुंभ:** भरे-पूरे और संतुष्ट जीवन के लिए अपनी मानसिक दृढ़ता में वृद्धि कीजिए। आप उन योजनाओं में निवेश करने से पहले दो बार सोचें जो आज आपके सामने आयी हैं। पुराने परिचितों से मिलने-जुलने और पुराने रिश्तों को फिर से तरोताजा करने के लिए अच्छा दिन है। |
|  | **मीन:** दूसरों के सफलता को सराहकर आप उसका लुत्फ ले सकते हैं। आज आपको किसी अज्ञात स्त्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। जिन लोगों से आपकी मुलाकात कभी-कभी ही होती है, उनसे बातचीत और संपर्क करने के लिए अच्छा दिन है। |

# गणपति का होता है बुधवार का दिन



**बुधवार के दिन भगवान गणेश की पूजा करने का विधान है। केवल बुधवार ही नहीं बल्कि किसी भी शुभ-मांगलिक कार्यों में भी सबसे पहले भगवान गणेश ही पूजे जाते हैं। बुधवार का दिन प्रथम पूज्य देव भगवान श्री गणेश को समर्पित होता है। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान गणेश की पूजा करते हैं। गणेश जी भक्तों के लिए विघ्नहर्ता माने जाते हैं। बुधवार के दिन एकदन्त दयावन्त चार भुजा धारी भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। पूजा पाठ के अलावा बुधवार के दिन गणपति बप्पा को प्रसन्न करने के लिए उनके भक्तगड़ कई तरह के उपाय भी करते हैं। मान्यता है कि इन उपायों को करने से जीवन में खुशियां आती हैं। इसके अलावा शास्त्रों में कुछ ऐसे काम भी बताए गए हैं, जिन्हे बुधवार के दिन नहीं करना चाहिए।**

### बुधवार के दिन से भगवान गणेश का खास संबंध

पौराणिक कथा के अनुसार, जब माता पार्वती द्वारा भगवान गणेश की उत्पत्ति की गई तब कैलाश पर्वत पर बुध देव भी उपस्थित थे। इसलिए गणेश जी की पूजा के लिए उनके प्रतिनिधि वार बुध हुए और इस कारण बुधवार के दिन भगवान गणेश की पूजा का विधान हुआ। एक अन्य मान्यता के अनुसार, भगवान शिव जब त्रिपुरासुर का वध करने में असफल हुए तो उन्होंने इसपर विचार किया कि आखिर वे असफल क्यों हो गए और उनके कार्य में क्या विघ्न पड़ा। फिर उन्हें ज्ञान हुआ कि वे गणेश की अर्चना के बिना ही युद्ध करने लगे थे। इसके बाद गणेश जी की पूजा की गई। उन्हें फूल-मालाएं चढ़ाए गए और लड्डुओं का भोग लगाया गया है। इसके बाद जब युद्ध हुआ तो त्रिपुरासुर परास्त हुआ। यही कारण है कि हर कार्य से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है, जिससे कि कार्य बिना किसी बाधा के संपन्न हो जाए।

## बुधवार गणेश पूजा

- भगवान गणेश सभी देवताओं में प्रथम पूज्य कहलाते हैं। इन्हें बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। गणेश जी अपने भक्तों की पीड़ा भी हर लेते हैं, इस कारण इन्हें विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। भगवान गणेश की पूजा के लिए शास्त्रों में बुधवार का दिन समर्पित है। लेकिन क्या आप जानते हैं आखिर क्यों बुधवार के दिन पूजे जाते हैं भगवान गणेश।
- बुधवार सप्ताह का तीसरा दिन होता है और यह दिन भगवान गणेश की पूजा के लिए समर्पित होता है। वैसे हिंदू धर्म में सप्ताह का हर दिन किसी न किसी देवी या देवता की पूजा-उपासना के लिए समर्पित है। इसी तरह बुधवार के दिन गणेश जी की पूजा का विधान है। मान्यता है कि यह दिन भगवान गणेश को अतिप्रिय होता है और इस दिन की गई पूजा-उपासना से वे प्रसन्न होते हैं और भक्तों के सभी मनोरथ पूरे करते हैं।

## बुधवार के दिन ऐसे करें भगवान गणेश को प्रसन्न

- बुधवार के दिन भगवान गणेश के साथ ही बुध देव की भी पूजा करें। इससे गणेश जी प्रसन्न होते हैं और बुध देव की भी कृपा प्राप्त होती है।
- बुधवार के दिन पूजा में गणेश जी को मोदक का भोग जरूर लगाएं। इससे बुध ग्रह से संबंधित दोष दूर होते हैं। वहीं शमी के पत्ते अर्पित करने से बुद्धि-विवेक में वृद्धि होती है।
- बुधवार के दिन गणेश जी की पूजा करें और घर से सौंफ खाकर निकलें। इससे कार्य में सफलता मिलती है।
- अविवाहित लोग पूजा में भगवान गणेश को पीले रंग के मिष्ठान का भोग लगाएं। इससे शीघ्र विवाह के योग बनते हैं।

## बुधवार के दिन गलती से भी न करें ये काम, हो सकती है बड़ी परेशानी

### अपशब्द न बोलें

बुधवार का दिन भगवान गणेश के अलावा बुध ग्रह का दिन भी माना जाता है। बुध ग्रह को बुद्धि और वाणी का कारक ग्रह माना जाता है। ऐसे में इस दिन व्यक्ति को अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना चाहिए। इस दिन भूल से भी किसी को अपशब्द नहीं कहना चाहिए।

### न दें किसी को उधार

बुधवार के दिन रुपयों-पैसों से जुड़ा कोई लेन-देन नहीं करना चाहिए। ज्योतिष के जानकारों की मानें तो इस दिन किसी को उधार देने या किसी से उधार लेने से व्यक्ति को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए बुधवार के दिन न तो उधार लें और न ही किसी को उधार में पैसे दें।

### न करें इस दिशा में यात्रा

बुधवार के दिन पश्चिम दिशा की तरफ यात्रा नहीं करनी चाहिए। इस दिन पश्चिम दिशा की तरफ यात्रा करना अशुभ माना जाता है। ऐसे में यदि बुधवार के दिन आप को आकस्मिक यात्रा करनी पड़ रही है, तो यात्रा में विशेष सावधानियां जरूर बरतें।

### इस रंग के कपड़े न पहनें

बुधवार के दिन काले रंग का वस्त्र नहीं पहनना चाहिए। शास्त्रों में मान्यता है कि बुधवार को काले वस्त्र पहनने से दांपत्य जीवन पर बुरा असर पड़ता है और पति पत्नी के रिश्ते में तनाव पैदा होता है।

## बुधवार के यह उपाय करियर व कारोबार के लिए फायदेमंद

**बुधवार का दिन प्रथम पूजनीय भगवान गणेश और लाल किताब के अनुसार मां दुर्गा को समर्पित है लेकिन इसके देवता बुध है। बुध ग्रह के नाम से ही बुधवार का नाम पड़ा है। जिनकी कुंडली में बुध ग्रह की स्थिति कमजोर है तो उनको बुधवार के दिन कुछ ज्योतिषीय उपाय जरूर करने चाहिए। बुध की स्थिति सही नहीं होने से व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्योतिष शास्त्र में बुधवार के दिन करियर व कारोबार में तरक्की के लिए कुछ उपाय बताए गए हैं। इन उपायों के करने से भगवान गणेश के आशीर्वाद से सभी विघ्न दूर होते हैं और कुंडली में बुध की स्थिति मजबूत होती है। आइए जानते हैं करियर व कारोबार में फायदे के लिए किन जाने वाले बुधवार के इन उपायों के बारे में।।।**

### मां दुर्गा का मिलेगा आशीर्वाद

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, बुधवार के दिन मां दुर्गा का ध्यान करते हुए दुर्गा सप्तशती का पाठ करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन में किसी तरह का अनिष्ट नहीं होता है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। बताया जाता है कि बुधवार के दिन दुर्गा सप्तशती का पाठ करने से उस पाठ का पुण्यफल एक लाख पाठ के बराबर होता है।

### बुधवार को करें इस चीज का दान

बुधवार के दिन हरी मूंग की दाल का दान करना चाहिए। साथ ही इस दिन परिवार के साथ हरी मूंग की दाल का सेवन करना भी लाभकारी माना जाता है। ऐसा करने से कुंडली में बुध की स्थिति मजबूत होती है और भगवान गणेश व लक्ष्मी की भी कृपा बनी रहती है। बुधवार के दिन शिवलिंग पर भी हरी मूंग अर्पित कर सकते हैं।

### बुधवार को करें यह पाठ

आर्थिक समस्याओं से कर्ज से परेशान हैं तो हर बुधवार को ऋणहर्ता गणेश स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। ऐसा करने से भगवान गणेश का आशीर्वाद मिलता है और जीवन में उन्नति के मार्ग प्रशस्त होते हैं। इस पाठ के करने से जीवन में धीरे-धीरे सुख-समृद्धि आती है और विघ्न भी दूर होते हैं। ध्यान रखें कि ऋणहर्ता गणेश स्तोत्र का पाठ करने के बाद भगवान गणेश की आरती जरूर करें।

### गणेश को अर्पित करें ये चीज

हर बुधवार को भगवान गणेश को शमी पत्ता और दुर्वा अर्पित करना चाहिए। अगर शमी के पत्ता नहीं मिल रहा है तो दूर्वा अर्पित कर सकते हैं। दूर्वा चढ़ाने से पहले ध्यान रखें कि 21 दूर्वा की एक गांठ बनाई जाती है और इस तरह 21 दूर्वा की गांठें गणेशजी के मस्तक पर चढ़ाई जाती हैं। दूर्वा अर्पित करने से भगवान गणेश शीघ्र प्रसन्न होते हैं और कई सांसारिक कामनाएं पूरी होती हैं।

### गाय को खिलाएं ये चीज

बुधवार के दिन गाय को हरी घास या पालक साग अवश्य खिलाना चाहिए। ऐसा करने से 33 करोड़ देवी-देवताओं का आशीर्वाद और ग्रह दोष पीड़ा भी दूर होती है। लेकिन ध्यान रखें कि गाय को घास और हरा पालक आप कम से कम तीन महीने तक अवश्य खिलाएं, इसके बाद आपको फल मिलना शुरू हो जाएगा। गाय को इन चीजों को खिलाने से जीवन के सभी कष्ट धीरे-धीरे दूर होने लगते हैं।

### बुध मंत्रों का करें जप

बुधवार के दिन बुध ग्रह के मंत्रों का जप करना चाहिए। बुध के इन मंत्रों का जप करने से मन की एकाग्रता बढ़ती है और मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिलती है। बुध के मंत्र से कुंडली में बुध की स्थिति मजबूत भी होती है और कारोबार व करियर में तरक्की के योग बनना शुरू हो जाते हैं। ध्यान रहे कि बुध मंक्ष का जप 14 बार ही किया जाता है।

**बीज मंत्र : ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः!**
**ॐ बुं बुधाय नमः अथवा ॐ ऐं श्रीं श्रीं बुधाय नमः!**
**ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः**
**प्रियंगुकलिकाश्यामं रूपेणाप्रतिमं बुधम। सौम्यं सौम्य गुणोपेतं तं बुधं प्रणमाम्यहम।।**

### बुधवार को दें गिफ्ट

बुधवार के दिन बहन और भांजी को गिफ्ट देना चाहिए। अगर बहन बड़ी है तो सबसे पहले उनके चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लें और फिर गिफ्ट दें। ऐसा करने से व्यापार, शिक्षा और संचार में उन्नति होती है और कुंडली में बुध के अशुभ प्रभाव से भी मुक्ति मिलती है। इसके साथ ही रिश्तों में भी मजबूती आती है।


बुधवार और बुध के उपाय

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए 10 जुलाई को करें मतदान : सुखविंदर सिंह सुक्खू

## परिणाम बाद 38 से बढ़कर 41 होगी कांग्रेस विधायकों की संख्या

सिटी दर्पण
शिमला

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में तीन विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उप-चुनाव में 10 जुलाई को सभी मतदाता अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपना वोट दें। भाजपा ने धनबल का इस्तेमाल कर एक चुनी हुई सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचा और एक डील के तहत निर्दलीय विधायकों से इस्तीफा दिलाया। इतिहास में पहली बार हुआ जब निर्दलीय विधायक अपना इस्तीफा स्वीकार करवाने के लिए धरने पर बैठे और कोर्ट गए। उन्होंने कहा कि भाजपा की सजाई राजनीतिक मंडी में निर्दलीय विधायकों ने बिक कर इन उपचुनावों को जनता पर थोपा है, इसलिए यह समय उन्हें सबक सिखाने का है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव सत्य और असत्य, ईमानदारी और बेईमानी के बीच है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि मतदाता सत्य और ईमानदारी के साथ चलेंगे। उन्होंने कहा कि विधासनभा में कांग्रेस पार्टी के विधायकों की संख्या 38 है और इन उपचुनावों के परिणाम आने के बाद कांग्रेस विधायकों की संख्या 41 पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का साढ़े तीन साल का कार्यकाल बाकी है तथा नालागढ़, देहरा व हमीरपुर के मतदाता विकास को चुनेंगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में कांग्रेस सरकार ने जनकल्याण का एक नया अध्याय जोड़ा है और आम लोगों की समस्याएं हल करने के लिए योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों को ओपीएस दी है, महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए पेंशन दी, जिसे रुकवाने के लिए जयराम ठाकुर और भाजपा के अन्य नेता चुनाव आयोग पहुँच गए। उन्होंने कहा कि हमने सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई शुरू की है, बेरोजगार युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए का स्टार्टअप फंड बनाया है और दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने गाय के दूध का रेट 32 से बढ़ाकर 45 रुपए और भैंस के दूध का रेट 47 से बढ़ाकर 55 रुपए किया है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों को चार प्रतिशत डीए, पुलिस कर्मियों को 1000 रुपए डाइट मनी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में मात्र 20 हजार सरकारी नौकरियां दीं, जिनमें से अधिकतर कोर्ट और कानूनी दाँवपेंच में फँसी रहीं। जबकि कांग्रेस सरकार ने मात्र डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में 28000 से ज्यादा सरकारी नौकरियों के अवसर पैदा कर दिए हैं। हमारी सरकार ने 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज, विधवाओं के 27 साल तक के बच्चों को फ्री शिक्षा तथा उन्हें घर बनाने के लिए तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता का प्रावधान किया है। हमने मनरेगा की दिहाड़ी बढ़ाकर 300 रुपए कर दी है। इसके साथ-साथ राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से इंतकाल के एक लाख से अधिक और तकसीम के लगभग 8000 मामले निपटाए हैं। प्रदेश के इतिहास में पहली बार सेब और आम का न्यूनतम समर्थन मूल्य में ऐतिहासिक डेढ़ रुपए की वृद्धि कर 12 रुपए प्रति किलो किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में बढ़कर भाग लें और 10 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर सत्य और ईमानदारी का साथ दें।

# हमीरपुर उपचुनाव में कांग्रेस पर साधा निशाना, भ्रष्टाचार और जनता के हितों की अनदेखी: अनुराग ठाकुर

सिटी दर्पण
हमीरपुर



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने आज हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रचार अभियान के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी श्री आशीष शर्मा के साथ हमीरपुर विधानसभा के कई गांवों और छोटे बाजारों से गुजरते हुए विशाल रोड शो किया। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार और जनता के हितों की अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए।

ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार पर मौन है और चुनाव को प्रभावित करने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब कांग्रेस सरकार बिना किसी उपलब्धि के जनता से वोट मांग रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने अपनी गारंटियों को पूरा करने में असफल रही है और महंगाई और कर्ज का बोझ बढ़ा दिया है। ठाकुर ने विश्वास व्यक्त किया कि तीनों विधानसभा उपचुनावों में जनता कांग्रेस को सबक सिखाएगी और भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाएगी।

भाजपा मंडल द्वारा आयोजित इस भव्य रोड शो की शुरूआत उखली से हुई और यह पांडवी, भगेटू, आघार, टिक्कर, ताल, अमनेड, चमनेड, बलोह, ठनकरी, लंबलू, बोहनी, बडू, हमीरपुर बाजार, अमरोह चौक, नेरी, नाल्टी, नारा, चंगर, धनेड, ललीन, बाड़ी, बजूरी होते हुए हमीरपुर बाईपास पर समाप्त हुआ। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में मतदाताओं से मुलाकात की और भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने हमीरपुर बाजार में डोर-टू-डोर संपर्क अभियान भी चलाया, जहां उन्होंने व्यापारियों और निवासियों का आशीर्वाद लिया। शर्मा ने कहा कि रोड शो में उमड़ी भीड़ और गाड़ियों के काफिले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस बार हमीरपुर विधानसभा सीट पर भाजपा भारी बहुमत से विजयी होगी। उन्होंने कांग्रेस पर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया लेकिन कहा कि हमीरपुर की जनता भाजपा और उनके चरित्र को जानती है और 10 जुलाई को उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाएगी।

शर्मा ने रोड शो में शामिल सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि कार्यकर्ताओं की ताकत ही उन्हें मजबूत बनाती है। उन्होंने आशा जताई कि हमीरपुर की जनता इसी उत्साह को मतदान के दौरान भी दिखाएगी और भाजपा के पक्ष में बंपर वोटिंग करेगी।

# शिमला में बारिश से तबाही शुरू, गुरुद्वारे के समीप भारी लैंडस्लाइड, यातायात बाधित

सिटी दर्पण
शिमला



दीन दयाल उपाध्याय (रिपन) अस्पताल के नजदीक निमार्णाधीन पार्किंग के समीप बारिश के कारण भारी भूस्खलन हुआ है। सूचना मिलते ही जिलाधीश 9:45 मिनट पर आला अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर निरीक्षण करने पहुंचे। जिलाधीश अनुपम कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि भूस्खलन से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाधित यातायात को एक तरफ यातायात के तौर पर सुचारू रूप से चलाया है और धंस रहे हिस्से को पूरी तरह तिरपाल से ढक दिया है ताकि बारिश का प्रभाव न पड़ सके।

घटना स्थल पर एक बिजली का खंभा है जिस पर से एहतियात के तौर पर बिजली की आपूर्ति बंद कर दी गई है ताकि किसी भी प्रकार के नुकसान को रोका जा सके। अनुपम कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि एसई लोक निर्माण विभाग को आदेश दिए गए है कि सुबह तड़के घटनास्थल पर राहत कार्य शुरू करें ताकि शहर की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था यहां पर सुचारू रहेगी। घटना स्थल पर पानी की आपूर्ति की पाइप भी है जिसकी सुरक्षा के लिए जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। जिलाधीश ने लोगों से अपील की है कि मानसून के समय लोग सजग रहें और हर घटना की सूचना तुरंत प्रशासन को मुहैया करवाए।

# हिमाचल एप्पल को टेलिस्कोपिक कार्टन में बेचने पर पूरी तरह प्रतिबंध

सिटी दर्पण
शिमला



हिमाचल प्रदेश में सेब सीजन की शुरूआत हो गई है। प्रदेश सरकार ने इस साल यूनिवर्सल कार्टन लागू करने का निर्णय लिया है, जिसे अब विभाग सख्ती से लागू करने वाला है। बागवानी मंत्री जगत सिंह ने कहा कि प्रदेश में सेब के लिए टेलीस्कोपिक कार्टन के इस्तेमाल पर पूरी तरह से पाबंदी होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश या प्रदेश के बाहर सेब की यूनिवर्सल कार्टन का ही इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो टेलीस्कोपिक कार्टन के इस्तेमाल परै क्ड स्तर के अधिकारियों को चालान करने की शक्तियां भी दी जाएगी। हालांकि 20 किलो से कम की पैकिंग पर बागवान स्वतंत्र है।

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने यूनिवर्सल कार्टन प्रदेश में लागू करने का फैसला काफी विचार विमर्श के बाद किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह फैसला जल्दबाजी में नहीं किया। प्रदेश में बागवानों और बागवानी से जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स के साथ बैठकों का एक लंबा दौर चला। इसके बाद प्रदेश में यूनिवर्सल कार्टन लागू किया गया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि कुछ लोग हैं जो यूनिवर्सल कार्टन का इस्तेमाल नहीं करना चाहते। वह अब लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश में टेलिस्कोपिक कार्टन के इस्तेमाल की इजाजत नहीं दी जा सकती। ऐसा ही चलता रहा तो यूनिवर्सल कार्टन को लागू करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश और प्रदेश के बाहर जाने वाले सेब को अब यूनिवर्सल कार्टन में ही बेचना होगा। टेलीस्कोपिक कार्टन के इस्तेमाल करने पर पूर्णत प्रतिबंध होगा।

उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो एसडीएम स्तर के अधिकारियों को चालान करने की भी शक्ति दी जाएगी, हालांकि उन्होंने कहा कि यूनिवर्सल कार्टन के इस्तेमाल को सही ढंग से लागू करने के लिए बागवानों को भी जागरूक होना पड़ेगा। वहीं डिफॉल्टर आढ़तियों के मसले पर जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस बारे में विभाग ने ।च्डब को ज्यादा ताकत दी है और स्थानीय स्तर पर मुकदमा दायर करने को कहा है।

उन्होंने कहा कि ज्यादातर डिफॉल्टर आढ़ती स्थानीय लोग हैं लिहाजा बागवानों को भी ज्यादा सजग रहने की जरूरत है। ऐसी स्थिति में बागवानों को जल्द से जल्द कानूनी सहायता लेनी चाहिए। वहीं जगत नेगी ने कहा कि तीनों उपचुनावों में कांग्रेस की जीत होगी। 6 उपचुनावों में भी कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इन चुनावों में कांग्रेस की जीत होगी।

# साम्फिया फाउंडेशन की थैरेपी ऑन व्हील से दिव्यांगता हो रही कम

सिटी दर्पण
शिमला



साम्फिया फाउंडेशन द्वारा पिछले 4 वर्षों से जिला कुल्लू में एक नीले पीले रंग की बस सेवा चला रही है जो कि बेहद ही खुबसुरत तरीके से तैयार की गयी है इस बस को ह्लथैरेपी ऑन व्हीलह्व के नाम से जाना जाता है । ये बस आए दिनों जिला कुल्लू की सैंज, बंजार, मणिकर्ण, गड्सा, मनाली एवं लगवैली में चलाई जाती है । डॉ. श्रुति भारद्वाज निदेशक साम्फिया फाउंडेशन का कहना है कि थैरेपी ऑन व्हील हमारी संस्था का एक ड्रीम प्रोजेक्ट जो नवंबर 2020 में पूरा हुआ था तब से लेकर हमारी ये बस जिला कुल्लू के सुदूर क्षेत्रों में दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए कार्य कर रही है अभी तक दर्जनों दिव्यांग बच्चे इस बस में मिलने बाली थैरेपी सेवाओं के माध्यम से चलने फिरने लग गए है जो कि पहले खड़े भी नहीं हो पाते थे। उन्होंने कहा कि इस बस में आधुनिक थैरेपी उपकरण जोड़ दिए गए हैं जिससे दिव्यांग बच्चों की क्षमता को मजबूत किया जाता है। बीजू हिमदल, कार्यक्रम प्रबंधक नें बताया कि थैरेपी ऑन व्हील प्रोजेक्ट को देश की नमी कम्पनी ईरेडा (भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी) द्वारा प्रायोजित है जो कि जिला कुल्लू के दूर दराज के क्षेत्रों से सबंध रखने बाले दिव्यांग बच्चों के लिए वरदान सिद्ध हुआ है । उन्होंने कहा कि इस बस सिर्फ दिव्यांग बच्चे ही नहीं अपितु बड़ों को भी थैरेपी सेवाएँ दी जाती है इसके अतिरिक्त यदि कोई बुजुर्ग हों जिन्हें घुटनें, कमर एवं जोड़ों में दर्द होता है तो उन्हें भी थैरेपी व्यायाम कराए जाते हैं ।

बता दें कि जब ये बस कुल्लू में अपनी सेवाएँ दे रही है तब से लेकर बहुत से सज्जनों द्वारा इस बस सेवा को प्रोत्साहित किया गया है इतना ही नहीं वर्ष 2021 में राज्यपाल राजेन्द्र अर्लेकर, वर्तष 2020 में त्कालीन मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर एवं तत्कालीन शिक्षा मंत्री गोविन्द सिंह ठाकुर द्वारा भी इस बस द्वारा दी जाने बाली सेवाओं को खूब सराहा गया है ।

# ग्लेशियर में दफन था शूरवीर का पार्थिव शरीर, 9 माह बाद मिली चिता, पंचतत्व में विलीन

सिटी दर्पण
रिकांगपिओ



हिमाचल प्रदेश के जिला किन्नौर के तराण्डा गांव के शहीद हवलदार रोहित नेगी की पार्थिव देह नौ महीने बाद मंगलवार को उनके पैतृक गांव पहुंच गई है। अक्तूबर 2023 के पहले सप्ताह में कश्मीर सीमा पर एक अभियान के दौरान बफार्नी तूफान की चपेट में आने से रोहित नेगी अपने साथियों के साथ हिमखंड में दब गए थे। उस समय उनके एक साथी का शव तो मिल गया था, लेकिन रोहित और अन्य साथी बर्फ में दफन हो गए थे।

नौ महीने बाद, भारतीय सेना ने तीन दिन पहले रोहित नेगी पुत्र अमर सिंह का पार्थिव शरीर खोज निकाला। शहीद रोहित नेगी ने कश्मीर सीमा पर अपनी सेवाएं देते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। भारतीय सेना ने उनके पार्थिव शरीर को 8 जुलाई को कारगिल से लेह लाया गया। वहां से चंडीगढ़ और फिर चोलिंग पहुंचाया गया। चोलिंग से वाहन मार्ग द्वारा पार्थिव देह उनके पैतृक गांव तराण्डा लाई गई। मंगलवार को पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद रोहित नेगी का अंतिम संस्कार किया गया।

रोहित नेगी की शहादत से उनके परिवार, गांव समेत प्रदेश में शोक की लहर है।

उनकी वीरता और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनका साहस और देशभक्ति युवाओं को सदैव प्रेरित करता रहेगा। मंगलवार को रोहित नेगी अमर रहे के नारों से तराण्डा गांव गूंज उठा।

## 10 जनता जवाब देगी और 13 जुलाई को चुनावी परिणामों में कांग्रेस हारेगी

# कांग्रेस पार्टी लगातार सत्ता का दुरुपयोग कर रही, यह अति निंदनीय है: नंदा

सिटी दर्पण
शिमला



भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार सत्ता का दुरुपयोग कर रही है और यह अति निंदनीय है जिस प्रकार आज कुछ घटनाएं पूरे हिमाचल प्रदेश में सामने आई वह इस कांग्रेस का असली चेहरा उजागर करती है।

भाजपा के प्रत्याशी होशियार सिंह के पीछे सिविल ड्रेस में कुछ लोगों को लगाया गया जिसके कारण विधानसभा क्षेत्र में एक भय का वातावरण भी पैदा हुआ इसकी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई है, इसमें साफ दिखता है की इन सिविल ड्रेस वालों और भाजपा के प्रत्याशी के बीच काफी गर्म गर्मी हुई और हैरानी की बात यह है कि इन लोगों के पास बंदूक भी थी। इस घटना से सरकार के ऊपर काफी सवाल उठाते हैं ल, ऐसी क्या नौबत आ गई कि लंबे समय से भाजपा के प्रत्याशी के पीछे ऐसे लोगों को लगाया गया था ? अगर यह लोग पुलिस वाले थे जैसे की बताया जा रहा है, तो वह भी भाजपा के प्रत्याशी के पीछे छुप-छुप कर क्यों लगे थे ? क्या यह किसी प्रकार की साजिश तो नहीं थी ? यह कांग्रेस की पुरानी प्रथा है पर आज जनता के बीच आई है। इस प्रकार की घटना आम नहीं है और जनता इसी बात से परेशान है कि सरकार चुनाव जीतने के लिए, मुख्यमंत्री अपनी पत्नी को जीतने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

दूसरी घटना इस प्रकार हुई कि भाजपा के एक कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री कार्यालय, जैसा के शख्स ने कहा, से फोन आता है और कहा जाता है की चुनाव में अच्छा काम कर रहे हो, पता है मैं कौन बोल रहा हूं उसके उपरांत जब कार्यकर्ता बातचीत करता है तो वह कहता है की चावन में इतनी तेज गति से काम नहीं करना चाहिए। अपनी गति धीमी करो चुनाव आने वाला है और सरकार के समय तो इतने अच्छे से और तेज गति से काम तो करना ही नहीं चाहिए। तो सवाल यह उठता है कि, वह व्यक्ति क्या इशारा देना चाहता है ? क्या इस प्रकार की धमकाने बातचीत ठीक है ? जिस प्रकार से मुख्यमंत्री के मित्र भाजपा के कार्यकताओं को डराने का प्रयास कर रहे हैं क्या वह उचित है ? जनता 10 जुलाई को इसका इसका ठोस जवाब देगी और आने वाले 13 जुलाई को जब चुनाव परिणाम सामने आएंगे तो कांग्रेस पार्टी तीनों उपचुनावों में बड़ी हार का सामना करेगी।

## पुराने कार्टन में नाशपाती न खरीदने पर बागवानों का पराला मंडी में प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी

शिमला। हिमाचल के जिला ठियोग की पराला फल मंडी में सोमवार को पुराने कार्टन (टेलिस्कोपिक) में नाशपती की पेटियां न खरीदने पर बागवानों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान मंडी में फसल लेकर पहुंचे सभी बागवानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के हस्तक्षेप के बाद बागवानों का माल बिका। सोमवार को मंडी में कोटखाई, बलसन और चौपाल क्षेत्र से पुराने कार्टन में नाशपाती की करीब 100 पेटियां बिकने के लिए आई थीं। इसे आढ़तियों ने खरीदने से मना कर दिया। ऐसे में फसल लेकर आए बागवान भड़क गए, और उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। बागवानों का कहना है कि यूनिवर्सल कार्टन कहीं भी नहीं मिल रहा है और फसल तुड़ान शुरू हो गया। तहसील चौपाल की देवठ पंचायत के केवल राम भाक्टा ने कहा कि हमारे पास पुराने कार्टन की करीब 250 पेटियां बची हुई हैं। पूरे चौपाल में पूरे बाजार में कहीं भी नया कार्टन नहीं मिल रहा है। ठियोग के देवराज शर्मा ने बताया कि पहले ही मौसम की मार से फसल खराब हो गई है। पूरे ठियोग में कहीं भी नया कार्टन नहीं मिल रहा है। मंडी में पहुंचे भोंट क्षेत्र के बागवान राकेश चंदेल ने बताया कि पुराने कार्टन में लाए माल को लेकर बिना बेचे वापस भेज रहे हैं। बागवानों का कहना है कि सरकार अभी शुरूआती सीजन में बागवानों के पास बचे हुए पुराने कार्टन में सेब और नाशपती खरीदने के आदेश दें या फिर जल्द से जल्द सभी विक्रय केंद्रों पर नए कार्टन उपलब्ध करवाएं। बागवानों का कहना है कि उनकी मांगें पूरी न करके सरकार उन्हें आने वाले दिनों में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर कर रही है। पराला मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान हरीश चौहान ने बताया कि मंडी पहुंचते ही जैसे उन्होंने पुराने कार्टन में नाशपाती की पेटियां देखीं तो उन्होंने उन्हें खरीदने से इंकार कर दिया। बागवानी मंत्री ने कुछ ही दिनों तक नाशपाती को पुराने कार्टन में खरीदने के लिए कहा था। इसके बाद बागवान ने मंत्री से बात की और केवल नाशपाती को पुराने कार्टन में खरीदने के लिए कहा।

## संक्षिप्त-समाचार

### 3 से 9 सितम्बर के मध्य होगा अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन

शिमला। भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए हिमाचल प्रदेश के सोलन, शिमला, सिरमौर और किन्नौर के ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सी.ई.ई.) पास किए उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन 03 सितम्बर से 09 सितम्बर, 2024 के मध्य किया जाएगा। यह जानकारी भर्ती निदेशक शिमला ने दी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा में सफल हुए सभी उम्मीदवार अपने सिविल दस्तावेजों के सत्यापन जैसे कि दसवी एवं बारहवीं पास की अंकतालिका, मूल निवास स्थायी प्रमाणपत्र, डोगरा/माइनॉरिटी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (तहसीलदार द्वारा ऑनलाइन जारी हुआ) एवं एन.सी.सी, खेल प्रमाणपत्र अवश्य साथ लाएं। भर्ती निदेशक ने कहा कि अग्निवीर सामान्य प्रवेश परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को भर्ती के दौरान शारीरिक दक्षता और मापदंड से होकर गुजरना होगा। शारीरिक दक्षता और मापदंड के तहत उम्मीदवारों को 05 मिनट 30 सेकंड में 1.6 किलोमीटर दौड़ना होगा। इसके लिए कुल 60 अंक निर्धारित किए गए हैं इसके उपरांत उम्मीदवारों को 10 पुल अप्स करने होंगे और इसके लिए 40 अंक निर्धारित किए गए हैं। उम्मीदवारों को 09 फीट लम्बी छलांग और जिग-जैग बैलेंस टेस्ट भी पास करना होगा। उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार 1.6 किलोमीटर दौड़ को 05 मिनट 45 सेकंड के न्यूनतम समय में पास करेंगे, वही उम्मीदवार भर्ती रैली के अगले चरण के लिए चयनित होंगे। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए अधिकारिक अधिसूचना अवश्य जांच लें। उन्होंने कहा कि इसकी सूचना उम्मीदवारों के मोबाइल पर एस.एम.एस. या उनके पंजीकृत ईमेल आई.डी. पर भी भेजी जाएगी।

### मतगणना से एक दिन पहले कैबिनेट मीटिंग

शिमला। हिमाचल में विधानसभा की तीन सीटों पर चल रहे उपचुनाव के बीच कैबिनेट की बैठक फिर से बुलाई गई है। यह बैठक शुक्रवार 12 जुलाई को शिमला स्थित राज्य सचिवालय में होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई फैसले राज्य सरकार ले सकती है। वर्तमान में देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव चल रहे हैं। 10 जुलाई को यहां वोटिंग होगी और 13 जुलाई को नतीजे आएंगे। क्योंकि चुनाव प्रचार से सभी कैबिनेट मंत्री अब फ्री हो गए हैं, इसलिए शुक्रवार 12 जुलाई को अब कैबिनेट की बैठक रखी गई है। इस बैठक में ऊना जिला में बनने जा रहे बल्क ड्रग पार्क को लेकर चर्चा हो सकती है। पिछली बैठक में मुख्यमंत्री ने फैसला लिया था कि बल्क ड्रग पार्क में स्ट्रैटेजिक पार्टनर राज्य सरकार होगी। इसलिए सरकार के हिस्से का पैसा देने के लिए कैबिनेट में मामला जाएगा। हिमाचल सरकार जितना पैसा पार्क के लिए देगी, केंद्र से उतनी ही राशि और ली जा सकेगी। इसके अलावा शिक्षा विभाग में हो रही जेबीटी और टीजीटी की बैच वाइज भर्ती का मामला भी कैबिनेट में लाया जा सकता है। यह भर्ती प्रक्रिया लंबे समय से चल रही है, लेकिन अभी तक नियुक्तियां नहीं दी गई हैं। पुलिस भर्ती के रूल्स को लेकर भी चर्चा कैबिनेट में हो सकती है। इस बार पुलिस भर्ती के लिए लोक सेवा आयोग को एजेंसी बनाया गया है, लेकिन लोकसेवा आयोग रूल्स में कई कमियां देख रहा है। पुलिस भर्ती में जिला कैडर की व्यवस्था ही नियमों में नहीं है। यदि नियमों में संशोधन करना हो तो मामला कैबिनेट में जाएगा। कैबिनेट बैठक के अगले दिन ही मुख्य सचिव प्रमोद सक्सेना भी विदेश दौरे पर जा रहे हैं। मुख्य सचिव करीब एक हफ्ते के लिए हिमाचल से बाहर हैं। वह साउथ अफ्रीकी देशों के दौरे पर होंगे। इसलिए अगली बैठक उनके वापस आने के बाद ही होगी।

### शिमला एचपीएमसी में डाटा एंट्री ऑपरेटर की नौकरी देकर ठगी, एफआईआर

शिमला। हिमाचल की राजधानी में एक सरकारी उपक्रम में नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक युवक से ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि एक शख्स ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर उसकी हजारों की रकम हड़प ली। पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। मामला छोटा शिमला थाना क्षेत्र का है। शिमला के मैहली निवासी आशीष ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात संजौली निवासी सूरज से हुई थी। सूरज ने उसे शिमला के निगम बिहार स्थित सरकारी उपक्रम हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम सीमित में डेटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर नौकरी की पेशकश की थी। आरोपित ने पीड़ित को कहा था कि उसकी अच्छी जान-पहचान है और वो उसे एचपीएमसी में सरकारी नौकरी लगवा देगा। इसके एवज में आरोपित ने हजारों की रकम देने की मांग की थी। पीड़ित उसके झांसे में आ गया और 25 जून को करीब 18 हजार 700 रुपये अरोपित को दे दिए थे। पीड़ित ने बताया कि आरोपित ने जल्द ही नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया था और उसे डाटा एंट्री ऑपरेटर पद की नौकरी का जॉइनिंग लैटर भी जारी कर दिया था। शिकायतकर्ता के मुताबिक 01 जुलाई को आरोपित ने उसे बताया कि नौकरी रद्द कर दी गई है। पीड़ित का माथा तब ठनका जब उसने आरोपित द्वारा जारी किए गए जॉइनिंग लैटर का पता करवाया और वो फर्जी निकला। इसके बाद उसे पता चला कि वह ठगी का शिकार हुआ है। पीड़ित आशीष का यह भी आरोप है कि पूर्व में भी शख्स इस तरह कई लोगों से ठगी कर चुका है। बहरहाल, पीड़ित की शिकायत पर छोटा शिमला पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। अभी तक अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### धर्मशाला में राष्ट्रीय अप्रैंटिशिप मेला में 16 प्रशिक्षुओं ने पोर्टल पर करवाया पंजीकरण

धर्मशाला। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला में आयोजित राष्ट्रीय अप्रैंटिशिप मेला में 16 प्रशिक्षुओं ने अप्रैंटिशिप पोर्टल पर नाम रजिस्टर करवाया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने कहा कि प्रशिक्षुओं को स्वरोजगार की दिशा में कदम आगे बढ़ाने चाहिए इस के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ भी उठाना चाहिए ताकि स्वरोजगार आरंभ करके अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें। उन्होंने कहा कि अप्रैंटिशिप पोर्टल आईटीआई प्रशिक्षुओं के लिए बेहतर विकल्प है जिसके माध्यम से स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण में मदद मिलेगी। इससे पहले प्रिंसिपल आईटीआई दाड़ी राजेश पुरी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय अप्रैंटिशिप मेला के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

# बुमराह और मंधाना जून महीने के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये

## मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में बनाये 343 रन

एजेंसी
दुबई



टी20 विश्व कप में भारत के विजयी अभियान के नायक रहे जसप्रीत बुमराह को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को जून महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना। भारत के लिए यह दोहरी खुशी का मौका था क्योंकि महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को इस वैश्विक संस्था ने 'जून महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी' चुना। मंधाना को यह पुरस्कार पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में बल्ले सब दमदार प्रदर्शन करने पर दिया गया। बुमराह ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज को पछाड़कर यह खिताब जीता जबकि मंधाना ने इंग्लैंड की माइया बाउचर और श्रीलंका की विस्मी गुणारत्ने को पीछे छोड़कर महिलाओं का पुरस्कार जीता। आईसीसी ने यहां जारी बयान में कहा कि पिछले महीने टी-20 विश्व कप में 15 विकेट चटकाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये बुमराह ने जून के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीता है। आईसीसी के बयान में बुमराह ने कहा, 'मुझे जून के लिए आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर खुशी हो रही है।' उन्होंने कहा, 'अमेरिका और वेस्टइंडीज में कुछ यादगार सप्ताह बिताने के बाद मेरे लिये यह विशेष सम्मान है। एक टीम के तौर पर हमें जश्न मनाने के काफी मौके मिले और इस में योगदान देकर मुझे अच्छा लगा। बुमराह ने टी20 विश्व कप में 8.26 की औसत से विकेट चटकाये जबकि महज 4.17 रन प्रति ओवर के हिसाब से रन दिये। महिला वर्ग में मंधाना ने बेंगलुरु में पहले एकदिवसीय में 117 रन की शानदार पारी खेली। उनके शतक से भारत पांच विकेट पर 99 रन से 265 रन का स्कोर खड़ा करने में सफल रहा, जो दक्षिण अफ्रीका के लिए काफी साबित हुआ। उन्होंने दूसरे मैच में 120 गेंद में 136 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वह तीसरे मैच में 90 रन पर आउट होने के कारण शतकों की हैट्रिक पूरा करने से चूक गयी। मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में 343 रन बनाये और श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गयी। उन्होंने कहा, 'मैं जून के लिए आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी पुरस्कार जीतकर वास्तव में खुश हूं। टीम ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है उसमें मैं योगदान देकर खुश हूं। हमने एकदिवसीय और टेस्ट श्रृंखला जीती और उम्मीद है कि हम अपना फॉर्म जारी रखेंगे और मैं भारत के लिए और अधिक मैच जीतने में योगदान दे सकता हूं।'

# जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में जायसवाल के बल्लेबाजी क्रम पर फोकस

एजेंसी
हरारे



टी20 विश्व कप विजेता खिलाडियों की वापसी के साथ जिम्बाब्वे के खिलाफ बुधवार को यहां तीसरे टी20 मैच में भारतीय टीम के लिये यशस्वी जायसवाल और अभिषेक शर्मा में से एक का चयन काफी मुश्किल होगा। जायसवाल, संजू सैमसन और शिवम दुबे टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे। उनकी वापसी से टीम मजबूत हुई है जिसने दूसरे मैच में 100 रन से जीत दर्ज करके श्रृंखला में वापसी की थी। बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने दूसरे मैच में 46 गेंद में शतक लगाया। वैसे भारत की पहली पसंद की टी20 टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज होने के कारण जायसवाल का शुभमन गिल के साथ पारी की शुरूआत का दावा पुख्ता लगता है। जायसवाल ने 17 टी20 मैचों में एक शतक और चार अर्धशतकों के साथ 161 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। वैसे ऐसा होता नहीं है कि एक यादगार पारी खेलने के बाद बल्लेबाज को अगले मैच में बाहर कर दिया जाये। वैसे मनोज तिवारी और करूण नायर यह झेल चुके हैं। तिवारी को वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में पहले वनडे शतक के बाद टीम से बाहर कर दिया गया था जबकि नायर 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में तिहरा शतक लगाने के बाद टीम में जगह नहीं पा सके थे। वैसे कप्तान गिल अंडर 14 दिनों के अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ यह नाइंसाफी होने नहीं देंगे। ऐसे में दो खब्बू बल्लेबाजों में से एक को बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरना होगा। राजस्थान रॉयल्स के लिये आईपीएल में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले सैमसन को पांचवें नंबर पर उतरना पड़ सकता है और रूतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर उतारा जा सकता है। अंतिम एकादश में जायसवाल को बी साइ सुदर्शन की जगह मिल सकती है जो पहले दो मैचों के लिये ही चुने गए थे। वहीं सैमसन को ध्रुव जुरेल की जगह मिलेगी। टी20 विश्व कप में अंतिम एकादश का हिस्सा रहे शिवम दुबे को रियान पराग की जगह उतारा जा सकता है। जहां तक जिम्बाब्वे का सवाल है तो उसे अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। हरारे स्पोटर्स क्लब की पिच पर अतिरिक्त उछाल में स्पिनर रवि बिश्नोई और वाशिंगटन सुंदर को खेलना मुश्किल हो रहा था। मेजबान कप्तान सिकंदर रजा चल नहीं पा रहे जबकि बाकी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का सामना करने में सक्षम नहीं दिख रहे। पहले मैच में 13 रन से अप्रत्याशित हार झेलने के बाद भारतीय टीम ने समय पर चेतते हुए पांच विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ खेला। कप्तान गिल को पहले दो मैचों में मिली नाकामी के बाद एक अच्छी पारी खेलनी होगी।

### टीमों का विवरण

**भारतः** शुभमन गिल ( कप्तान ), यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा, रूतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, मुकेश कुमार, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, खलील अहमद, तुषार देशपांडे।

**जिम्बाब्वेः** सिकंदर रजा ( कप्तान ), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स, एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

# भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के नए कोच बने गौतम गंभीर

एजेंसी
नई दिल्ली



विश्व कप विजेता टीम के सलामी बल्लेबाज रहे गौतम गंभीर को मंगलवार को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे जिन्होंने भारत की टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, 'मैं गौतम गंभीर का भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हुए बेहद प्रसन्न हूं।

आधुनिक समय में क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते परिदृश्य को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में विभिन्न भूमिकाओं में कड़ी मेहनत करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श व्यक्ति हैं।'

उन्होंने लिखा, 'टीम इंडिया के लिए उनका स्पष्ट दृष्टिकोण उनके अपार अनुभव के साथ मिलकर उन्हें इस रोमांचक और सबसे अधिक मांग वाली कोचिंग भूमिका को संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार करता है। इस नए सफर पर निकलने के लिए बीसीसीआई उनका पूरा समर्थन करता है।' एकदिवसीय विश्व कप 2011 जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे 42 साल के गंभीर की कप्तानी में 2012 और 2014 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल खिताब जीता। वह 2024 में आईपीएल खिताब जीतने वाली नाइट राइडर्स टीम के मेंटर थे।

## सिराज को आवासीय भूखंड और सरकारी नौकरी देगी तेलंगाना सरकार



**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंथ रेड्डी ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की प्रशंसा करते हुए मंगलवार को इस क्रिकेटर को आवासीय भूखंड और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे सिराज पिछले सप्ताह अपने गृह नगर हैदराबाद पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री ने उनको सम्मानित किया तथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन की तारीफ की। विज्ञप्ति के अनुसार उन्होंने अधिकारियों को हैदराबाद या आसपास के इलाकों में सिराज के लिए उपयुक्त आवासीय भूखंड की पहचान करने और इस क्रिकेटर को सरकारी नौकरी देने के निर्देश भी दिए।

# पेरिस ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे: प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी
मॉस्को




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टी20 विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए मंगलवार को विश्वास जताया कि पेरिस ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने युवाओं के आत्मविश्वास को भारत की 'असली पूंजी' करार दिया और कहा कि यही युवा शक्ति देश को 21वीं सदी की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सबसे बड़ा सामर्थ्य रखती है। प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि निश्चित तौर पर उन्होंने भी भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 विश्व कप क्रिकेट का फाइनल मुकाबला देखा होगा और जीत का जश्न भी मनाया होगा। उन्होंने कहा, 'विश्व कप जीतने की असली कहानी जीत की यात्रा भी है। आज का युवा और आज का युवा भारत आखिरी बॉल तक और आखिरी पल तक हार नहीं मानता है। और विजय उन्हीं के चरण चूमती है जो हार मानने को तैयार नहीं होते हैं।' भारत ने बारबाडोस में संपन्न हुए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को पराजित कर अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीता और आईसीसी ट्रॉफी का 11 साल का इंतजार खत्म किया। भारत ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में जीता था जब उसने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। भारत की इस जीत का जश्न देशभर में मनाया गया। भारत पहुंचने पर खिलाडियों का जोरदार स्वागत हुआ। प्रधानमंत्री ने भी खिलाडियों से मुलाकात की थी। इसके बाद भारतीय टीम के स्वागत के लिए मुंबई में विजय जुलूस (विक्ट्री परेड) भी निकाला गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भावना सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है बल्कि दूसरे खेलों में भी दिख रही है। पिछले 10 सालों में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में भारतीय खिलाडियों के प्रदर्शन को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए उन्होंने कहा कि इस बार पेरिस ओलंपिक में भी भारत की तरफ से एक शानदार टीम भेजी जा रही है। उन्होंने कहा, 'आप देखिएगा, पूरी टीम... सारे खिलाड़ी कैसे अपना दम दिखाएंगे। भारत की युवा शक्ति का यही आत्मविश्वास भारत की असली पूंजी है।

# नीदरलैंड को हराकर लगातार दूसरे यूरोपीय चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाना चाहेगा इंग्लैंड

एजेंसी
डोर्टमंड (जर्मनी)




इंग्लैंड बुधवार को यहां दूसरे सेमीफाइनल में जब नीदरलैंड से भिड़ेगा तो उसकी नजरें लगातार दूसरे यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के फाइनल में जगह बनाने पर टिकी होंगी। पहला सेमीफाइनल मंगलवार को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा। फाइनल रविवार को होना है।

क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड और नीदरलैंड दोनों ने एक गोल से पिछडने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड ने निर्धारित और अतिरिक्त समय में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद स्विट्जरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराया था जबकि नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था। नीदरलैंड के खिलाफ हालांकि इंग्लैंड की राह आसान नहीं होगी। टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेलने वाली टीमों में नीदरलैंड की रैंकिंग सबसे बेहतर है। इंग्लैंड ग्रुप चरण में सर्बिया, डेनमार्क और स्लोवेनिया के खिलाफ खेला था जबकि नॉकआउट मुकाबलों में उसकी भिड़ंत स्लोवाकिया और स्विट्जरलैंड के साथ हुई। इंग्लैंड अब तक बाएं छोर से कीरन ट्रिपर पर निर्भर रहा है जबकि स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच में ल्यूक शॉ फरवरी में चोटिल होने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच में उतरे। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट को फैसला करना होगा कि वह पिछले मैच में निलंबित मार्क गुही की जगह खेले एजरी कोन्सा को फिर मौका देते हैं या फिर गुही का निलंबन खत्म होने के बाद उनकी वापसी कराते हैं।



# अपने शरीर की साफ-सफाई और हाइजीन को कैसे मेंटेन करें

साफ-सफाई और स्वास्थ्य एक साथ चलते हैं। सही हाइजीन के बिना आप एक स्वस्थ जीवन नहीं जी सकते हैं। पर्सनल हाइजीन को मेंटेन करके रखना ना सिर्फ आपको स्वस्थ रखने के लिए बल्कि आपके लुक्स को बेहतर बनाने के लिए भी जरूरी होता है। पर्सनल हाइजीन का ख्याल ना रखने पर बैक्टीरिया और वायरस आपके इम्यून सिस्टम पर हमला करके आपको बीमार बना सकते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कुछ टिप्स के बारे में जो हाइजीन को मेंटेन करने के लिए जरूरी होते हैं।



### खाना खाने से पहले हाथ जरूर धोएं

आप कोई भी चीज पकड़ने के लिए हाथों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में आपके हाथों पर दूसरी वस्तुओं को छूने से काफी सारे किटाणु जमा हो जाते हैं। खाना खाने से पहले हाथ नहीं धोने पर यह किटाणु खाने के साथ आपके शरीर में चले जाते हैं जो कि सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

### सोने से पहले ब्रश जरूर करें-

सोने से पहले ब्रश करने में लोग अक्सर आलस कर जाते हैं। लेकिन दांतों में फंसी गंदगी रातभर आपके दांतों को सड़ाती है इसलिए रात को सोने से पहले दांत जरुर साफ करें ताकि आपकी ओरल हेल्थ बेहतर रह सके।

### मेकअप उतार कर सोएं-

मेकअप के साथ सोना आपकी त्वचा को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। मेकअप में मौजूद केमिकल त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। पर्सनल हाइजीन मेंटेन रखने के लिए रात को क्लींजर से मेकअप उतार कर सोना चाहिए।

### बालों का रखें ख्याल-

बालों की रूसी आपकी त्वचा के लिए भी हानिकारक होती है। इससे त्वचा पर मुंहासें भी हो जाते हैं साथ ही खुजली भी काफी आती है इसलिए बालों का ख्याल रखें। दोमुंहे बालों को समय-समय पर छंटवाते रहें।

### नाखून काटें-

बढ़े हुए नाखूनों में फंसी गंदगी और जर्म्स सेहत के लिए हानिकारक होते हैं। हाथों ही नहीं बल्कि पैरों के नाखूनों को भी समय-समय पर काटकर छोटा करते रहें क्योंकि यह भी आपके पर्सनल हाइजीन का अभिन्न अंग होता है।

# छिलके समेत या छीलकर, क्या है सेब खाने का सबसे अच्छा तरीका?

## किस तरह खाने पर मिलता है ज्यादा फायदा एक्सपर्ट्स से जानें

हाल ही में पोषण विशेषज्ञ दीपशिखा जैन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर की है। अपनी इस पोस्ट में दीपशिखा बताती हैं कि अगर आप सही तरीरे से सेब का सेवन करते हैं, तो ये कब्ज, डायरिया या खराब गट हेल्थ जैसी परेशानियों से निजात पाने में मददगार हो सकता है। आपने अक्सर सुना होगा कि रोज केवल एक सेब खाने से सेहत से जुड़ी कई परेशानियों से बचा जा सकता है। सेब का सेवन हमें एक साथ कई फायदे पहुंचाता है। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स हर उम्र के लोगों को खासकर गर्मी के मौसम में रोज एक सेब खाने की सलाह देते हैं। दरअसल, गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन के चलते गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं आम हो जाती हैं। वहीं, इस तरह की समस्यओं में सेब का सेवन सबसे अधिक फायदेमंद माना जाता है। सेब आंतों में अच्छे बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा देता है। ऐसे में कब्ज, डायरिया या खराब गट हेल्थ से जूझ रहे लोगों के लिए इसका सेवन फायदेमंद हो सकता है। हालांकि, इस तरह की समस्याओं से निजात पाने के लिए केवल सेब खाना ही नहीं, बल्कि इसे सही तरीके से खाना ज्यादा जरूरी है। आइए जानते हैं कैसे-

### कब्ज

न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक, 'अगर आप कब्ज से परेशान हैं, तो इसके लिए सेब को धोकर छिलके समेत इसका सेवन करें। सेब के छिलके में इनसोल्युबल फाइबर की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो मल में मात्रा को जोड़ता है, इससे मल त्याग करना आसान हो जाता है और आपको कब्ज की परेशानी से निजात मिलती है।'



### डायरिया

दीपशिखा जैन बताती हैं, 'अगर आप डायरिया से पीड़ित हैं, तो सेब को छीलकर खाएं। सेब को छीलकर खाने से इसमें पल्प और सोल्युबल फाइबर की मात्रा ज्यादा बढ़ जाती है, इससे आपका पाचन धीमा हो जाता है और आपको उल्टी-दस्त जैसी परेशानियों से राहत मिलती है।'

### गट हेल्थ

इन सब से अलग न्यूट्रिशनिस्ट बताती हैं कि अगर आप अपनी गट हेल्थ को बेहतर करना चाहते हैं, तो इसके लिए सेब को पकाकर खाएं। सेब को पकाने से इसमें पेक्टिन की मात्रा बढ़ जाती है। पेक्टिन बॉडी में गुड बैक्टीरिया की मात्रा को बढ़ाता है, जिससे आपकी गट हेल्थ बेहतर रहती है।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट?

- वहीं बातचीत के दौरान कंसल्टेंट डाइटिशियन ने सहमति जताते हुए बताया, 'सेब का छिलका अघुलनशील फाइबर का एक समृद्ध स्रोत है। इस प्रकार का फाइबर आंत में बल्किंग एजेंट की तरह काम करता है। यह पानी को अवशोषित करता है, जिससे मल का आकार और कोमलता बढ़ती है और यह अतिरिक्त मात्रा आंतों की दीवारों को सिकुड़ने और पाचन तंत्र के माध्यम से अपशिष्ट को अधिक कुशलता से धकेलने के लिए उत्तेजित करती है, जिससे कब्ज से राहत मिलती है।'
- मल्होत्रा आगे बताती हैं, 'सेब का गूदा घुलनशील फाइबर, विशेषकर पेक्टिन से भरपूर होता है। घुलनशील फाइबर पानी में घुल जाता है, जिससे एक जेल जैसा पदार्थ बनता है। ये जेल मल में तरल पदार्थों को फंसाता है, स्थिरता जोड़ता है और आंतों के माध्यम से इसके मार्ग को धीमा कर देता है, जिससे दस्त के लक्षण कम हो जाते हैं। इसलिए, दस्त से पीड़ित व्यक्तियों के लिए, बिना छिलके वाले सेब खाना फायदेमंद हो सकता है।'
- इन सब से अलग गट हेल्थ के लिए सेब का सेवन करने के लिए मल्होत्रा बताती हैं कि सेब को पकाने पर इससे पेक्टिन की मात्रा निकालने में आसानी होती है। वहीं, इस स्थिति में पेक्टिन एक प्रीबायोटिक के रूप में काम करता है और आंतों में गुड बैक्टीरिया की संख्या को बढ़ावा देता है। यानी सेब को छिलके के साथ खाना या छीलकर खाना और पकाकर खाना, ये तमाम तरीके फायदेमंद हैं। आप अपनी जरूरत के हिसाब अपने तरीके को चुन सकते हैं।'

